


# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 37 अंक 156 | कोरबा, सोमवार , दिनांक 09 मार्च 2026 डाक 10 मार्च 2026 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

**विविधा**
विपक्ष के नेता राहुल गांधी केरल में इंटरनेशनल विमेंस डे के मौके पर खाना खाते हुए छात्राओं से बातचीत करते हुए



**देश-विदेश**
लुधियाना में शातिर चोरों ने गैस कटर से काटा एटीएम 7 लाख कैश लेकर हुए फरार



**फीचर पेज**
नाशपाती से बनाए जा सकते हैं ये 5 स्वादिष्ट भारतीय व्यंजन, सभी को आएंगे पसंद



# ईरान-अमेरिका युद्ध के बीच तेल $110 के पार जाने से शेयर बाजार में हाहाकार, डूबे 12 लाख करोड़



**नईदिल्ली 09 मार्च [एजेंसी]।**

ईरान-अमेरिका युद्ध और पश्चिम एशिया में बढ़ते जियोपॉलिटिकल टेंशन की वजह से 9 मार्च को भारतीय शेयर बाजार जोरदार गिरावट के साथ खुले, जिसमें निफ्टी 24000 से नीचे आ गया। वहीं, सेंसेक्स 2300 प्वाइंट्स टूटकर 76750 पर कारोबार कर रहा है। निफ्टी पर श्रीराम फाइनेंस, इंटरग्लोब एविएशन, एशियन पेंट्स, L&T, अडानी पोर्ट्स बड़े लूजर्स में से हैं, जबकि ONGC और कोल इंडिया फिलहाल गेनर्स हैं। शेयर बाजार में गिरावट का संकेत गिफ्ट निफ्टी से भी मिल रहा था, जो कि सुबह साढ़े 7 बजे 765.50 अंक या 3.11 फीसदी की जबरदस्त गिरावट के साथ 23810.50 पर था। निवेशकों की नजर वेस्ट एशिया में हो रहे डेवलपमेंट और ग्लोबल एनर्जी सप्लाई पर उनके असर पर है। साथ ही क्रुड ऑयल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और बड़े ग्लोबल रिस्क सेंटिमेंट पर भी फोकस रहेगा।

**कच्चे तेल में तेजी से टूटे IOC, BPCL और HPCL के शेयर**

मध्य पूर्व में जारी तनाव के चलते तेल आपूर्ति को लेकर भारी संकट पैदा हो गया, जिसके चलते कच्चे तेल की कीमत 115 डॉलर प्रति बैरल से भी ऊपर पहुंच गई। इसके चलते 9 मार्च को ऑयल मार्केटिंग कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट देखी गई। इसके अलावा, खबरों में यह भी कहा गया है कि फिलहाल पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी नहीं की जाएगी और अंतरराष्ट्रीय तेल कीमतों में इस उछाल के चलते ओएमसी को कम मुनाफे से ही संतोष करना पड़ सकता है। शेयर बाजार में 9 मार्च को आई भारी गिरावट की 4 बड़ी वजह हैं। इनमें कच्चे तेल में उछाल, विदेशी निवेशकों की बिकवाली, रुपये में कमजोरी और ग्लोबल मार्केट में कमजोरी शामिल हैं।

**कच्चे तेल में उछाल:** ब्रेंट क्रुड की कीमत शुरुआती कारोबार में लगभग 26 प्रतिशत बढ़कर लगभग 119 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल हो गई, जो जुलाई 2022 के बाद का उच्चतम स्तर है। इराक और कुवैत ने तेल उत्पादन में कटौती शुरू कर दी है। **कमजोर वैश्विक संकेत:** एशियाई बाजारों में भी भारी बिकवाली देखी गई। दक्षिण कोरिया का कोस्पी सूचकांक 7 प्रतिशत से अधिक गिर गया और जापान का निक्केई 225 सूचकांक 6.5 प्रतिशत नीचे आ गया। चीन का शंघाई एसएसई कंपोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग सूचकांक भी निचले स्तर पर कारोबार कर रहे थे। **लगातार विदेशी संस्थागत निवेशकों की निकासी:** विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 6,030.38 करोड़ रुपये के शेयर बेचकर अपनी बिक्री जारी रखी।

**कमजोर रुपया:** कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और अमेरिकी मुद्रा के मजबूत होने के बीच, रुपया सोमवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 46 पैसे गिरकर 92.28 पर आ गया, जो सर्वकालिक निचला स्तर है। बाजार में जारी गिरावट के बीच जियोजित इन्वेस्टमेंट्स के चीफ मार्केट स्ट्रेटेजिस्ट आनंद जेम्स ने कहा कि निफ्टी 23,535 की ओर बढ़ सकता है। उन्होंने कहा, इस स्तर के टूटने से और गिरावट बढ़ सकती है, जो शुरू में मार्च 2025 के निचले स्तर (लगभग 22,000) और नवंबर 2023 के निचले स्तर (लगभग 19,000) तक जा सकती है। निकट भविष्य में तेजी की संभावना 24,000 से ऊपर टिके रहने की क्षमता पर निर्भर करेगी। जियो पॉलिटिकल टेंशन के बीच विदेशी निवेशक लगातार बिकवाली कर रहे हैं। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने 6,030.38 करोड़ रुपये के शेयर बेचे हैं।

## मोजतबा खामेनेई चुने गए ईरान के नए सुप्रीम लीडर, ईरानी सरकार ने किया ऐलान

**तेहरान, 09 मार्च [एजेंसी]।**



ईरान के दिवंगत सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के बेटे मोजतबा खामेनेई को उनका उत्तराधिकारी घोषित किया गया है। ईरानी सरकारी टीवी ने सोमवार तड़के इसकी घोषणा की। यह फैसला ऐसे समय लिया गया है, जब अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या के बाद शुरू हुआ युद्ध अब एक नाटकीय मोड़ पर पहुंच गया है। मोजतबा खामेनेई को लंबे समय से इस पद का संभावित दावेदार माना जा रहा था। उल्लेखनीय है कि मोजतबा ने इससे पहले कभी भी किसी सरकारी पद के लिए चुनाव नहीं लड़ा और न ही उन्हें किसी पद पर नियुक्त किया गया था। ईरान की 88 सदस्यीय धार्मिक विशेषज्ञ सभा ने मोजतबा को देश का नया सुप्रीम लीडर चुना। ईरान की धार्मिक विद्वान सभा, धार्मिक विद्वानों का समूह है, जो सर्वोच्च नेता का चयन करता है।

सरकारी टीवी ने एक बयान पढ़कर सुनाया जिसमें कहा गया कि उन्हें मजबूत समर्थन के आधार पर चुना गया है और देशवासियों से उनके पीछे एकजुट होने की अपील की गई। साथ ही तेहरान के सार्वजनिक स्थानों पर लोगों के जश्न मनाने के दृश्य भी दिखाए गए। मोजतबा खामेनेई पिछले कई दिनों से सार्वजनिक रूप से नजर नहीं आए थे। अब वह ईरान की सत्ता व्यवस्था के केंद्र में होंगे और राज्य के सभी महत्वपूर्ण मामलों पर अंतिम निर्णय उन्हीं का होगा। वे सेना और शक्तिशाली अर्धसैनिक संगठन रिवोल्यूशनरी गार्ड के सर्वोच्च कमांडर भी होंगे। मोजतबा खामेनेई को अमेरिका के विरोध का सामना करना पड़ेगा।

## टी20 वर्ल्ड कप जीत के जश्न के दौरान रॉकेट से लगी आग, अपार्टमेंट में मची अफरा-तफरी



**मुंबई 09 मार्च।** मुंबई के बांद्रा इलाके में टीम इंडिया के आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप जीतने पर मनाए जा रहे जश्न के दौरान एक रिहायशी इमारत में आग लग गई। बताया जा रहा है कि जश्न के दौरान छोड़ा गया एक पटाखे का रॉकेट अपार्टमेंट की बालकनी में जाकर गिर गया, जिससे आग भड़क उठी। फिलहाल, आग पर काबू पाया जा चुका है और किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। जानकारी के अनुसार, यह घटना देर रात उस समय हुई, जब इलाके में टीम इंडिया की जीत का जश्न मनाते हुए लोग पटाखे जला रहे थे। रॉकेट बालकनी में गिरते ही वहां आग लग गई और कुछ देर के लिए इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही मुंबई फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने की कार्रवाई शुरू की। राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी के घायल होने की खबर नहीं है। महाराष्ट्र सरकार में मंत्री और बांद्रा वेस्ट से भाजपा विधायक आशीष शेलार ने भी इस घटना की जानकारी दी। उन्होंने रात करीब 3 बजे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट के जरिए जानकारी दी कि बांद्रा वेस्ट के निर्मला कॉलोनी में आग लगने की सूचना मिली थी। फायर ब्रिगेड और पुलिस की टीमें मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाल रही हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने अधिकारियों से बात की है और अब स्थिति नियंत्रण में है।

## ममता के गढ़ में सीईसी का विरोध, मंदिर जाते समय चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को दिखाए काले झंडे



**कोलकाता, 09 मार्च [एजेंसी]।**

बंगाल विधानसभा चुनावों की तैयारियों का जायजा लेने पहुंची चुनाव आयोग की फुल बेंच को सोमवार सुबह उस वक्त असहज स्थिति का सामना करना पड़ा, जब मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के गृह इलाका कालीघाट में भारी विरोध झेलना पड़ा। सोमवार सुबह ज्ञानेश कुमार राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल के साथ कालीघाट मंदिर में पूजा-अर्चना करने पहुंचे थे। उनके आगमन से पहले ही प्रदर्शनकारियों का एक बड़ा समूह मंदिर के बाहर जमा हो गया। जैसे ही मुख्य चुनाव आयुक्त मंदिर से बाहर निकले, प्रदर्शनकारियों ने उन्हें काले झंडे दिखाकर गो बैक के नारे लगाने लगे। प्रदर्शनकारियों का मुख्य आरोप मतदाता सूची में गड़बड़ी को लेकर था। उनका दावा है कि एसआईआर प्रक्रिया के नाम पर मतदाता सूची से जानबूझकर कई वैध मतदाताओं के नाम हटा दिए गए हैं।

प्रदर्शनकारियों ने चुनाव आयोग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और इस प्रक्रिया पर अपनी नाराजगी जाहिर की। इस भारी हंगामे और तनावपूर्ण माहौल के बीच ज्ञानेश कुमार ने संयम बनाए रखा। उन्होंने प्रदर्शन को लेकर मीडिया के सामने कोई भी टिप्पणी करने से इन्कार कर दिया और पूजा के बाद चुपचाप गंतव्य के लिए रवाना हो गए। चुनाव आयोग की टीम आज से राज्य प्रशासन और विभिन्न राजनीतिक दलों के साथ महत्वपूर्ण बैठकें शुरू करने वाली है, जिससे पहले इस विरोध प्रदर्शन ने राज्य का सियासी पारा बढ़ा दिया है।

# इजरायली हमले के बाद तेहरान में आसमान से बरसा तेल, जहरीली बारिश से ईरान में हाहाकार



तेहरान में आसमान से बरसा तेल

**तेहरान, 09 मार्च [एजेंसी]।**

मिडिल-ईस्ट में जारी तनाव का आज 10वां दिन है। यह जंग कम होने की बजाय लगातार बढ़ता ही जा रहा है। शनिवार देर रात इजरायल ने ईरान की राजधानी तेहरान में तेल भंडारण केंद्रों और ऊर्जा ढांचे को निशाना बनाते हुए हवाई हमले किए। इजरायली हवाई हमलों में तेहरान और आसपास के चार प्रमुख तेल डिपो और रिफाइनरियों को निशाना बनाया, जिसके बाद कई जगहों पर भीषण आग लग गई और वहां से उठे घने काले धुएं ने बादलों का रूप ले लिया। धुएं से बने बादल से हुई बारिश में तेल की बूंदे देखने को मिली। इससे इमारतें, वाहन और सड़कें गंदी हो गई। विशेषज्ञों ने इस तेल की बारिश को जहरीले हाइड्रोकार्बन और एसिड रेन का मिश्रण बताया है। वहीं, तेहरान के गवर्नर ने आपातकालीन मास्क पहनने की सलाह दी है। ईरानी सरकारी मीडिया ने बताया कि हमलों में कई तेल रिफाइनरियों को निशाना बनाया गया। इनमें पूर्वोत्तर तेहरान में स्थित अघदासिये तेल गोदाम, शहर के उत्तर में स्थित शाहरान तेल डिपो, दक्षिणी तेहरान में एक तेल रिफाइनरी और पड़ोसी अल्बोरज प्रांत के कराज में स्थित एक तेल डिपो शामिल हैं। इजरायली सेना ने हमलों की पुष्टि करते हुए कहा कि उसने ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) से संबंधित ईंधन भंडारण परिसरों को निशाना बनाया था, जिनका इस्तेमाल सैन्य इकाइयों को ईंधन वितरित करने के लिए किया जाता था। ईरान की समाचार एजेंसी फार्स के अनुसार, शनिवार को हुए हमलों में तेहरान और अल्बोर्ज में स्थित चार तेल भंडारण सुविधाओं और तेल हस्तांतरण केंद्रों को निशाना बनाया गया।

इनमें से एक स्थल पर मौजूद चार टैंकर चालकों के मारे जाने की खबर है। हमलों के कारण लगी आग घंटों तक जलती रही, जिससे काले धुएं के बड़े-बड़े गुबार हवा में फैल गए। बाद में इस धुएं ने घने बादल बना लिए, जिससे बारिश हुई और तेल के अवशेष राजधानी के कई हिस्सों में फैल गए, जहां लगभग 10 मिलियन लोग रहते हैं।

### तरुण हत्याकांड, पुलिस ने तीन महिलाओं को हिरासत में लिया

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तम नगर इलाके में होली के दिन हुई तरुण की हत्या के मामले में पुलिस ने तीन महिलाओं को हिरासत में लिया है। उत्तम नगर में हुई वारदात के बाद से तीनों महिलाएं दिल्ली के ख्याला इलाके में छुपी हुई थी। दिल्ली पुलिस के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दिल्ली पुलिस के अनुसार, हिरासत में ली गई महिलाओं में सायरा, शरीफ और सलमा शामिल हैं। तीनों को ख्याला इलाके से हिरासत में लिया गया है। फिलहाल, पुलिस तीनों महिलाओं से पूछताछ कर रही है।

## बजट सत्र से पहले अखिलेश यादव ने कसा तंज, सरकार ने विदेश नीति गिरवी रख दी



**पटना 9 मार्च।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सोमवार को संसद के बजट सत्र और कई अन्य मुद्दों को लेकर बात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि अभी फ्लोर लीडर्स की बैठक होगी। इसके बाद तय होगा कि आगे कैसे बढ़ें। उन्होंने विदेश नीति पर तंज कसते हुए कहा कि हमारी जो विदेश नीति है, उसे मोदी सरकार ने गिरवी रख दिया है। जिस तरह से महंगाई बढ़ती जा रही है, आम आदमी का जीना दूभर होता जा रहा है। अखिलेश कहा कि बहुत से भारतीय खाड़ी क्षेत्र व पश्चिम एशिया में फंसे हुए हैं और वह त्योहार तक नहीं मना सके। इन लोगों का वक्त कितना संकट में गुजर रहा होगा, आखिरकार भारत सरकार क्या कर रही है। उन्होंने कहा कि सुनने में आया है कि कई पत्रकार साथी जो प्रधानमंत्री के साथ गए थे पॉलिटिकल जर्नलिस्ट बनकर, वो वॉर जर्नलिस्ट बनकर लौट रहे हैं। ये मुद्दे भी महत्वपूर्ण हैं और इन सभी मुद्दों पर बैठक होगी। बैठक में बहुत कुछ तय होगा। एक दिन पहले 8 मार्च को कांग्रेस के प्रभारी महासचिव डॉ. सैयद नसीर हुसैन ने कहा था कि कांग्रेस पार्लियामेंट्री स्ट्रेटेजी कमेटी की बैठक में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई।

### विजय शर्मा को भाजपा ने राज्यसभा चुनाव के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किए



**रायपुर।** छग के गृहमंत्री विजय शर्मा को भाजपा ने राज्यसभा चुनाव के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किए है। पार्टी ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नितिन नवीन ने राज्य सभा चुनाव हेतु विभिन्न राज्यों के बिहार हरियाणा ओडिशा केन्द्रीय पर्यवेक्षक की नियुक्ति की है। विजय शर्मा, उप मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ सरकार हर्ष मल्होत्रा, केन्द्रीय राज्य मंत्री, भारत सरकार हर्ष सांघवी, उप मुख्यमंत्री, गुजरात सरकार चन्द्रशेखर बावनकुले, मंत्री, महाराष्ट्र सरकार।

## पश्चिम एशिया संघर्ष पर तुरंत चर्चा के लिए कांग्रेस सांसद सुरेजवाला ने राज्यसभा में दिया स्थगन प्रस्ताव



**नई दिल्ली 09 मार्च।** संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण सोमवार से शुरू हो रहा है। पश्चिमी एशिया में जारी संघर्ष के बीच कांग्रेस सांसद रणदीप सिंह सुरेजवाला ने बजट सत्र के दूसरे चरण के पहले दिन राज्यसभा में स्थगन प्रस्ताव किया है। उन्होंने तनाव से भारत पर पड़ने वाले असर पर तुरंत चर्चा की मांग की है। रणदीप सिंह सुरजेवाला ने सोमवार को राज्यसभा के रूल्स ऑफ प्रोसीजर एंड कंडक्ट ऑफ बिजनेस 267 के तहत स्थगन प्रस्ताव दिया है। नोटिस में कहा गया है, यह सदन शून्यकाल, प्रश्नकाल और उस दिन के अन्य सूचीबद्ध कार्यवाहियों को निलंबित कर पश्चिम एशिया में चल रहे घटनाक्रम और तनावों के भारत पर पड़ने वाले प्रभावों पर तत्काल चर्चा करने का निर्णय ले।

क्षेत्र की वर्तमान स्थिति भारत की ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखलाओं, रणनीतिक साझेदारियों, आर्थिक हितों और वहां रहने वाले भारतीय नागरिकों के कल्याण पर प्रभाव डाल सकती है। इन बातों को ध्यान में रखते हुए इस मामले पर सदन में तुरंत चर्चा की जरूरत है।

स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.) Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :- सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

# हिंद महासागर में थे ईरान के 3 जहाज, हमने एक को दी शरण: एस जयशंकर



**नईदिल्ली, 09 मार्च [एजेंसी]।**

भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने राज्यसभा में वेस्ट एशिया में जारी तनाव पर चिंता व्यक्त की है। जयशंकर ने बताया कि भारत ने हिंद महासागर में फंसे एक ईरानी जहाज को शरण भी दी है। एस जयशंकर ने अपने बयान में बताया कि मिडिल ईस्ट में फंस भारतीयों को आर्मेनिया के रास्ते से निकाला जा रहा है। इनके लिए स्पेशल विदेश मंत्री ने आगे कहा, खाड़ी में फंसे भारतीयों की सुरक्षा की हमारी प्राथमिकता है।

विदेश मंत्री ने सदन में बताया, मैंने ईरान के विदेश मंत्री से 28 फरवरी और 5 मार्च को बात की है. ईरान के विदेश मंत्री ने कहा कि उनके तीन जहाज हिंद महासागर में थे। हमने ईरान के निवेदन पर एक जहाज को शरण दी। इसके लिए ईरान ने धन्यवाद भी कहा है। विदेश मंत्री ने आगे कहा, ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए हम सतर्क हैं। विदेश मंत्री ने यह भी कहा कि भारत शांति के समर्थन में है। हम नागरिकों की सुरक्षा के पक्ष में हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा, भारतीय दूतावास ने तेहरान में कई भारतीय छात्रों को बाहर की जगहों पर शिफ्ट करने में मदद की है। ईरान में बिजनेस के सिलसिले में गए भारतीय नागरिकों को आर्मेनिया से भारत लौटने में मदद की गई है। जयशंकर ने कहा, तेहरान में हमारा दूतावास पूरी तरह चालू है और हाई अलर्ट पर है। हम इस समय भारतीय समुदाय की मदद करने के लिए तैयार हैं।विदेश मंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री इस डेवलपमेंट पर करीब से नजर रख रहे हैं। बातचीत और डिप्लोमेसी ही इसका एकमात्र हल है। हमारा मानना है कि तनाव कम करने के लिए बातचीत और डिप्लोमेसी को आगे बढ़ाना चाहिए।

एस जयशंकर ने आगे कहा, हम चाहते हैं कि वेस्ट एशिया स्थिर रहे। लाखों भारतीय खाड़ी देशों में हैं। हमें उनकी चिंता है। विदेश मंत्री ने बताया कि भारत शांति के पक्ष में है। विदेश मंत्री ने बताया, गल्फ रीजन में एक करोड़ भारतीय रहते हैं और इनकी सुरक्षा को लेकर सीसीएस की बैठक में भी चिंता जताई गई। एस जयशंकर ने कहा, जब से विवाद शुरू हुआ है, सरकार लगातार वेस्ट एशिया के हालात का अंदाजा लगा रही है। हम मिडिल ईस्ट में इस तनाव से प्रभावित सभी देशों के संपर्क में हैं। विदेश मंत्री ने इस युद्ध में मारे गए लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए बताया, हमने जनवरी में ही अपने नागरिकों को आगाह किया था और कहा था कि जितनी जल्दी हो, स्वदेश लौट आएं। हमारे दूतावास ने भी एडवाइजरी जारी की थी।

### नलकूप की बाउंड्रीवॉल का पिलर भरभराकर गिरा, दबने से मासूम की मौत, दोस्त घायल

**बहराइच।** शिवपुरा गांव में राजकीय नलकूप की बाउंड्रीवाल का पिलर कल शाम को अचानक गिर गया। जिसके नीचे दबकर एक बालक की मौत हो गई, जबकि साथी घायल हो गया। पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया। बालक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। ग्राम पंचायत लालपुर शिवपुर के मजरा शिवपुरा में राजकीय नलकूप का निर्माण कराया गया है। परिसर में कोई अंदर न प्रवेश कर सके, इसके लिए बाउंड्रीवाल बनाकर उसे पिलर पर रोका गया है। शाम छह बजे गांव निवासी 10 वर्षीय रज्जब उर्फ सल्लू अपने साथी सात वर्षीय फुरकान के साथ खेल रहे थे। खेलने के दौरान दोनों ने पिलर को पकड़ लिया। तभी पिलर दोनों बच्चों पर गिर गया। उसके नीचे दबकर रज्जब की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि फुरकान घायल हो गए। मौजूद लोगों की सूचना पर परिवारजन मौके पर पहुंचे।

## रोजगार कार्यालय कोरबा में प्लेसमेंट केंप 11 मार्च को

**कोरबा ।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कोरबा में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 11 मार्च को किया जा रहा है। प्लेसमेन्ट कैम्प के माध्यम से नियोजक -. प्रिंसीपल सिक्योरिटी एण्ड एलाईड सर्विसेस प्रा0लि0, कोरबा, द रियल हण्टर बालको कोरबा, कृष्णा कॉरपोरेशन कोरबा और अपोलो फार्मासिटिज लिमि0 रायपुर द्वारा विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी ।रिक्तियों का विवरण इस प्रकार है - सिक्योरिटी गार्ड - 70, सिक्योरिटी सुपरवाईजर - 10, सिक्योरिटी गार्ड डॉग हेण्डलर - 10, सिक्योरिटी गार्ड डॉग हेण्डलर - 02, सी.आर.ओ.- 02, टेक्निकल असिस्टेंट- 06, फार्मासिस्ट' 10, फार्मेसी असिस्टेंट- 10 योग्यता- 8वी - 12वीं - स्नातक, आयु सीमा- 18-45 वर्ष तक एवं वेतनमान रूपये - 7,000 से 15,000 तक नियोजक द्वारा निर्धारित किया गया है। उक्त रिक्त पद कोरबा के लिए है। प्लेसमेंट कैम्प में सम्मिलित होने हेतु वेबसाईट में आवेदक का रोजगार पंजीयन आवश्यक है। साथ ही इच्छुक रिक्त पदों को चयन करें। जिन आवेदकों ने रोजगार पंजीयन नहीं किया है वे वेबसाईट में अपना पंजीयन करवा सकते हैं। प्लेसमेंट कैम्प में सम्मिलित होने हेतु अपना समस्त शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र और पासपोर्ट साईज फोटो रोजगार पंजीयन, अनुभव प्रमाण पत्र इत्यादि दस्तावेजों के साथ निर्धारित स्थल में उपस्थित हो सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, कोरबा के दूरभाष नंबर 07759-222069 में संपर्क कर सकते हैं एवं रोजगार कार्यालय के टेलीग्राम ग्रुप- से जुड़ सकते हैं।

## सीआईएसएफ को और ताकतवर बनाने की तैयारी

**कोरबा।** देश में गैर-कानूनी कोयला माइनिंग से निपटने के लिए केंद्र सरकार ने सेंट्रल इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स को और ताकत देने का फैसला किया है। इस फैसले में अब सीआईएसएफ को कानूनी कार्रवाई शुरू करने की भी ताकत मिली है। इससे पहले ऐसी ताकतें रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स को अपने अधिकारी क्षेत्र में मिलती हैं।सीआईएसएफ के डायरेक्टर जनरल प्रवीर रंजन ने बताया कि सरकार ने माइंस एंड मिनरल्स (डेवलपमेंट एंड रेगुलेशन) एक्ट, 1957 में बदलाव किए हैं, ताकि सीआईएसएफ को कानूनी नियमों को लागू करने का अधिकार मिल सके। अभी ष्ट्ढ्डस्न का काम देश की 10 कोयला खदानों की सुरक्षा तक ही सीमित है और इसे लागू करने का अधिकार सिर्फ राज्य के माइनिंग अधिकारियों और लोकल पुलिस के पास है। नई शक्तियों से सीधे नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर सकेगी।माइंस अधिकारियों ने बताया कि गैर-कानूनी कोयला माइनिंग से देश के रिसोर्स, पब्लिक सेफ्टी, एनवायरनमेंट और कानूनी कमर्शियल ऑपरेशन को गंभीर खतरा है। इससे सरकारी खजाने को रेवेन्यू का नुकसान होता है, माइनिंग कमजोर होती है, वर्कर्स को खतरा होता है और बिना रेगुलेटेड कार्बन एमिशन होता है। ष्ट्ढ्डस्न और दूसरे सिक्योरिटी फोर्स की तैनाती, टेक्नोलॉजी से चलने वाले मॉनिटरिंग सिस्टम और पब्लिक रिपोर्टिंग के लिए खनन प्रहरी ऐप के बावजूद गैर-कानूनी माइनिंग अभी भी जारी है।

## शिक्षक ने बदली गांव की तकदीर

**कोरबा।** एक शिक्षक की मेहनत ने गांव की तकदीर बदल दी। कोरबा के इस गांव के हर घर के सदस्य के पास सरकारी जॉब है। ग्राम पठियापाली की विकास की यात्रा एक प्रेरणा है। बिंझवार गुरुजी के छोटे से कदम ने आज पूरे गाँव को सरकारी नौकरियों, स्थिर आय और सम्मान की नई ऊचाइयों तक पहुंचाया है। यह प्रमाण है कि शिक्षा के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन संभव है, और जब हर घर में एक पढ़ा-लिखा व्यक्ति हो, तो पूरे समाज की प्रगति अनिवार्य हो जाती है। करतला विकासखंड का पठियापाली गांव 95?फीसदी साक्षरता दर के साथ राज्य के सबसे शिक्षित गांवों में अपना पैठ रखता है। लगभग हर घर में एक-दो सदस्य सरकारी नौकरी में कार्यरत है और यह अद्भुत परिवर्तन एक दूरदर्शी शिक्षक की मेहनत व समर्पण का नतीजा है। गांव के 95 वर्षीय बुजुर्ग मानसिंह याद करते हुए बताते हैं कि उनका बचपन शिक्षा अधीन नहीं था। गांव में तब तक कोई स्कूल नहीं था। तब बिंझवार गुरुजी, जो बाकीमोगरा से नदी पार करके आते थे, उन्होंने ही उनके जीवन में पढ़ाई की रोशनी जगाई। गुरुजी का नाम आज भी हर घर मे लोग याद करते है। गुरुजी की पहल से छोटी-छोटी पढ़ाई की कक्षाएं शुरू हुई। धीरे-धीरे व्यवस्थित स्कूल में बदल गई। शुरुआती दिनों में शिक्षक स्वयं बच्चों को घर-घर जाकर पढ़ाते, उनके मन में शिक्षा का महत्व स्थापित करते। उसी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए गांव के बुजुर्ग बताते हैं कि बच्चों को घर-से-स्कूल लेकर जाते थे, शिक्षा के मूल्य को समझाते थे। अब बच्चों को बस स्कूल के दरवाज़े तक जाना पड़ता है, क्योंकि शिक्षित परिवारों की वजह से सीखने की इच्छा पहले से ही उनके रक्त में है। आज पठियापाली में हर घर में कम से कम एक सरकारी कर्मचारी है। किसान, शिक्षक, चिकित्सक या प्रशासनिक अधिकारी यह मात्र आर्थिक स्थिरता नहीं, बल्कि सामाजिक जागरूकता का भी प्रमाण है। युवा वर्ग अब शिक्षा को जीवन निर्धारित मानता है, और पढ़ाई को आगे बढ़ाने के लिए कड़ी मेहनत करता है। गांव में कई छात्र अब राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले रहे हैं, और कई ने इंजीनियरिंग, मेडिकल तथा तकनीकी कोर्स में प्रवेश लिया है।

## विद्युम कर्मियों को मिलेगी 3 करोड़ का कवरेज

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी एवं बैंक आफ बड़ौदा के बीच अनुबंध करार किया गया। यह अनुबंध नियमित कर्मचारियों के लिए सैलरी पैकेज के साथ उन्नत बैंकिंग सुविधाएं और ज्यादा कवरेज के लिए किया गया है। इस अवसर पर जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक एसके. कटियार और बैंक आफ बड़ौदा के श्री देवाकर के बीच करार पर हस्ताक्षर किया गया। कटियार ने इस अनुबंध को कंपनी एवं कर्मचारी हित में बड़ा कदम बताया है। जनरेशन कंपनी मुख्यालय के अलावा हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह, कोरबा पूर्व एवं अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत संयंत्र मड़वा में कुल 2700 अधिकारी कर्मचारी कार्यरत है,जिन्हें इस अनुबंध से सीधा लाभ मिलेगा।

कंपनी ने विद्युतकर्मियों के लिए बैंक से विशेष पैकेज बनाने का अनुरोध किया था,जिससे कर्मियों को एक ही बैक में किफायती एवं आधुनिक सुविधाएं प्राप्त हो सके। बैंक द्वारा बताया गया कि केंद्र सरकार के साथ अनुबंध होने के साथ-साथ राज्य के अलग अलग सरकारी विभागों में वो ऐसी सुविधाएं दे रहे हैं।जनरेशन कंपनी के कार्यपालक निदेशक संदीप मोदी ने बताया कि इस अनुबंध में 12 लाख तक का बीमा कवर है साथ ही दुर्घटना एवं प्लेन दुर्घटना के लिए 1 से 2 करोड़ का कवरेज है। इसके अलावा डेबिट, क्रेडिट कार्ड में कई प्रकार के छूट एवं आकर्षक सुविधाएं है। न्यूनतम ब्याज दर पर सभी प्रकार की लोन सुविधा भी उपलब्ध है। लाकर रेंट कैंसिलेशन चार्ज में दिया जायेगा। इन सभी सुविधा का लाभ उठाने के लिए कर्मियों को अपनी सैलरी खाता इस बैंक में खुलवाना होगा।

# किसानों के खेतों में उतरे कलेक्टर के कदम, मूंगफली-उड़द और मक्का की फसल का किया अवलोकन

### शकरकंदी, पपीता सहित अन्य लाभदायक फसलों के लिए किया प्रोत्साहित







**कोरबा ।** साल के घने जंगलों के बीच हल्की गर्म हवाओं के साथ पेड़ों से झरते पत्तों और दूर-दूर तक सूखे नजर आते खेतों को पार करते हुए कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत जब आगे बढ़ रहे थे, तभी अचानक लबालब पानी और हरियाली से भरे खेतों का दृश्य सामने आया। इस मनोहारी दृश्य को देखकर न केवल उनकी गाड़ी रुकी, बल्कि हरियाली और सुकून से भरे इस वातावरण को देखकर उनकी नजरें भी कुछ पल के लिए ठहर गईं।गर्मी के मौसम में मक्का, मूंगफली और उड़द की लहलहाती फसल देखकर कलेक्टर ने स्वयं खेत तक जाने का निर्णय लिया। टेढ़े-मेढ़े रास्तों, धूल और कीचड़ की परवाह किए बिना वे खेत में उतरे और उन किसानों से संवाद किया, जिन्होंने पानी की उपलब्धता और अपनी मेहनत के दम पर गर्मी के मौसम में भी फसल लेकर सबका ध्यान आकर्षित किया है।कलेक्टर श्री दुदावत ने कोरबा विकासखंड के दूरस्थ ग्राम बरपाली के कलमीटिकरा में लबेद जलाशय से सिंचित क्षेत्र में किसानों द्वारा प्रधानमंत्री धन-धान्य योजना के अंतर्गत किए जा रहे नवाचार और फसल उत्पादन का करीब से अवलोकन किया। उन्होंने मक्का, उड़द और मूंगफली की खेती कर रहे किसान टीकाराम राठिया और सहदेव राठिया से चर्चा कर उनकी खेती और शासन की योजनाओं से मिले लाभ की जानकारी ली।किसानों ने बताया कि धान की फसल बेचने के बाद कृषक उन्नति योजना के तहत अंतर की राशि 28 फरवरी को ही उनके खातों में प्राप्त हो गई है। यहाँ कृषि विभाग द्वारा खाद, बीज सहित अन्य आवश्यक सहयोग भी उपलब्ध कराया जा रहा है। किसानों ने बताया कि पास में स्थित लबेद जलाशय से पर्याप्त पानी मिलने के कारण गर्मी के मौसम में भी फसल लेने में कोई विशेष परेशानी नहीं होती।उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत मक्का, डीएमएफ से मूंगफली तथा दलहन आत्मनिर्भर योजना के तहत उड़द की खेती की जा रही है। कलेक्टर ने खेत में उतरकर फसलों का अवलोकन किया और किसानों को पपीता सहित अन्य लाभदायक फसलों की संभावनाओं पर भी ध्यान देने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि किसान चाहें तो इन फसलों की ओर भी आगे बढ़ सकते हैं और शासन-प्रशासन की ओर से हर संभव सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा।किसानों ने बताया कि क्षेत्र में लगभग 5 हेक्टेयर में मक्का, 9 हेक्टेयर में उड़द तथा 21 हेक्टेयर में मूंगफली की खेती की जा रही है। इस दौरान किसानों ने विद्युत कटौती के कारण सिंचाई प्रभावित होने की शिकायत कलेक्टर से की। इस पर कलेक्टर ने तत्काल विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता को फोन कर समस्या का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।कुछ किसानों ने खेतों तक विद्युत खंभे गिराने के बावजूद उन्हें खड़ा नहीं किए जाने की समस्या भी बताई, जिस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। कलेक्टर ने किसानों से फसल उत्पादन बढ़ाने तथा अन्य आवश्यक मार्गदर्शन के संबंध में भी जानकारी ली और कहा कि किसानों को जो भी तकनीकी मार्गदर्शन चाहिए, वह उपलब्ध कराया जाएगा।इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री दिनेश कुमार नाग तथा सहायक कलेक्टर श्री क्षितिज गुरभेले,एसडीएम सरोज महिलांगे भी उपस्थित रहे।लबेद जलाशय में पुल निर्माण के लिए परीक्षण के निर्देशग्राम कलमीटिकरा में किसानों ने कलेक्टर के समक्ष मांग रखी कि लबेद जलाशय के पास एक पुल का निर्माण आवश्यक है, जिससे किसानों को आवागमन में सुविधा मिल सके। किसानों के आग्रह पर कलेक्टर ने खेत की मेड़ों पर लगभग एक किलोमीटर से अधिक पैदल चलकर स्थल का निरीक्षण किया और जल संसाधन विभाग को पुल निर्माण की संभावनाओं का परीक्षण कराने के निर्देश दिए।मुढूनारा में ड्रिप चिंाई से तरबूज की खेती का किया अवलोकनकलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने ग्राम मुढूनारा में किसान टीकाराम द्वारा लगभग 6 एकड़ में ड्रिप सिंचाई पद्धति से की जा रही तरबूज की खेती का भी अवलोकन किया। किसान ने बताया कि गांव के पांच किसान मिलकर वर्ष में तीन बार फसल लेते हैं, जिससे प्रत्येक किसान को लगभग एक लाख रुपये तक की आय हो जाती है।कलेक्टर ने किसानों को शकरकंद, पपीता सहित अन्य लाभदायक फसलों की खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने किसानों को पॉलीहाउस और आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने की दिशा में भी आगे बढ़ने की सलाह दी तथा सिंचाई रकबा बढ़ाने और ड्रिप सिंचाई के विस्तार के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

## कैबिनेट मंत्री लखन लाल के मुख्य आतिथ्य में जिला स्तरीय महतारी वंदन सम्मेलन का हुआ आयोजन



**कोरबा ।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य, उद्योग, श्रम, आबकारी व सार्वजनिक उपक्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन के आतिथ्य में नगर के राजीव गांधी ऑडिटोरियम में जिला स्तरीय महतारी वंदन सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले की विभिन्न क्षेत्रो में उत्कृष्ट कार्य करने वालो महिलाओं को सम्मानित एवं बाल विवाह मुक्त पंचायतो को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, नगर निगम सभापती श्री नूतन सिंह ठाकुर, कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी श्री तरुण कुमार किरण, सीईओ जिला पंचायत श्री दिनेश नाग, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री बसंत मिंज सहित अन्य जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी। जिला स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री श्री लखन लाल देवांगन ने सभी माताओं, बहनों और बेटियों को महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं शिक्षा, स्वास्थ्य, राजनीति, प्रशासन सहित हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और क्षमता का परिचय दे रही हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश में महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अनेक महत्वपूर्ण पहल की गई हैं, जिससे महिलाओं को आगे बढ़ने के नए अवसर मिल रहे हैं। पंचायतों में 50 प्रतिशत आरक्षण से महिलाओं की भागीदारी और नेतृत्व दोनों मजबूत हुए हैं। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। प्रदेश में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सशक्त महिलाएं ही मजबूत समाज और विकसित राष्ट्र की आधारशिला हैं। महिलाएं आज पहले से अधिक सशक्त और मजबूत हुई हैं तथा देश के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित कर रही हैं। समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। मंत्री श्री देवांगन ने कहा राज्य में सरकार गठन के साथ ही महतारी वंदन योजना के तहत लगभग 70 लाख महिलाओं को प्रतिमाह 1,000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जा रही है। इससे महिलाओं को आर्थिक संबल मिला है और वे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने बताया कि विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त किया जा रहा है। लखपति दीदी योजना के माध्यम से महिलाओं को स्वरोजगार और आय के अवसर मिल रहे हैं। तेंदूपत्ता संग्रहण जैसे कार्यों से भी ग्रामीण व वनांचल क्षेत्रों की महिलाओं की आय बढ़ रही है।कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने जिले में बाल विवाह रोकथाम के लिए शासन और प्रशासन द्वारा किए जा रहे सतत प्रयासों की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि समाज को जागरूक बनाकर ही इस कुप्रथा को पूरी तरह समाप्त किया जा सकता है। उन्होंने सभी से महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण के लिए मिलकर कार्य करने का आग्रह किया।महापौर श्रीमती राजपूत ने सभी महिलाओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि देश में महिला सशक्तिकरण के लिए लगातार महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

सरकार की विभिन्न योजनाएं महिलाओं को आगे बढ़ने और आत्मनिर्भर बनने के अवसर प्रदान कर रही हैं। लखपति दीदी योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना तथा महतारी सदन निर्माण जैसी विभिन्न पहलों से महिलाओं को आर्थिक, सामाजिक और संस्थागत रूप से सशक्त बनाने में मदद मिल रही है। जिससे आज महिलाएं हर क्षेत्र में ऊंचे स्थान पर पहुँच रही है एवं देश के विकास में अपना पूर्ण योगदान दे रही है।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभापति श्री नूतन सिंह ने कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी का सम्मान सर्वोपरि माना गया है। नारी को सदैव शक्ति, सृजन और संस्कार का प्रतीक माना गया है, इसलिए महिलाओं का सम्मान करना हमारी परंपरा और संस्कृति की पहचान है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार द्वारा अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनके माध्यम से उन्हें शिक्षा, रोजगार और सामाजिक सुरक्षा के अवसर मिल रहे हैं।नारी सम्मान और सशक्तिकरण से समाज का समग्र विकास- कलेक्टर श्री दुदावतकार्यक्रम में कलेक्टर श्री दुदावत ने कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी को सदैव उच्च स्थान दिया गया है। समाज के उत्थान और विकास में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है।

## भाजपा पिछड़ा मोर्चा की कार्यकारिणी घोषित

**कोरबा ।** भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक विस्तार को और गति देने तथा पिछड़ा वर्ग समाज की भागीदारी को सशक्त बनाने के उद्देश्य से भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला कोरबा की नई टीम की घोषणा कर दी गई है। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष डॉ. विजय राठौर द्वारा जिला पदाधिकारियों, जिला कार्यकारिणी एवं मंडल अध्यक्षों की घोषणा की गई।

उक्त घोषणा भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश महामंत्री (संगठन) पवन साय, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष अशोक साहू के अनुमोदन तथा भाजपा कोरबा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी की अनुशंसा के बाद की गई है।

घोषित नई टीम में संगठन के सक्रिय कार्यकर्ता मुकेश जायसवाल को जिला उपाध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं अजय चंद्रा और रामेश्वर सोनी को जिला महामंत्री बनाया गया है, जो संगठन की गतिविधियों को आगे बढ़ाने और कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय स्थापित करने में अहम भूमिका निभाएंगे।संगठन की नीतियों, कार्यक्रमों और जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए पवन सिन्हा को जिला मीडिया प्रभारी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। उनके सहयोग के लिए शिव शंकर जायसवाल और रवि शंकर पटेल को सह मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। संगठन ने मीडिया प्रबंधन को मजबूत करने के उद्देश्य से यह जिम्मेदारी ऐसे कार्यकर्ताओं को सौंपी है जो लंबे समय से संगठनात्मक और सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं।भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष डॉ. विजय राठौर ने सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि संगठन ने जिन कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी है, उनसे अपेक्षा है कि वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ पार्टी की विचारधारा और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि पिछड़ा वर्ग मोर्चा भाजपा संगठन का एक मजबूत स्तंभ है और यह मोर्चा समाज के विभिन्न वर्गों को पार्टी की नीतियों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी ने भी नई टीम को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संगठन में सक्रिय और समर्पित कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देने से पार्टी को नई ऊर्जा मिलती है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नई टीम के गठन से संगठनात्मक गतिविधियों को और गति मिलेगी तथा भाजपा की नीतियों और कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने में मजबूती आएगी।

## रसोई गैस के दामों में बढ़ोत्तरी के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन



**कोरबा।** शहर में घरेलू रसोई गैस के दामों में 60 रुपये की बढ़ोतरी को लेकर कांग्रेस ने केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इसी कड़ी में 8 मार्च को टीपी नगर चौक में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का पुतला दहन किया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि लगातार बढ़ती महंगाई से आम जनता का जीवन प्रभावित हो रहा है, लेकिन सरकार इस ओर ध्यान नहीं दे रही है।

इस मौके पर पूर्व मंत्री कैबिनेट मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि केंद्र में बीजेपी की मोदी सरकार के नेतृत्व में महंगाई लगातार आसमान छू रही है। घरेलू गैस सिलेंडर के दामों में 60 रुपये की बढ़ोतरी से आम आदमी की रसोई का बजट पूरी तरह बिगड़ गया है। उन्होंने कहा कि पहले ही महंगाई से परेशान जनता पर यह बढ़ोतरी और बोझ डालने का काम कर रही है। जयसिंह अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ में कथित तौर पर एक बीजेपी नेता के खेत में अफीम की खेती किए जाने के मामले को भी गंभीर बताया। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि मौजूदा बीजेपी सरकार के शासन में छत्तीसगढ़ को नशे का गढ़ बनाया जा रहा है, जो बेहद चिंताजनक है। कांग्रेस पार्टी इसकी कड़ी निंदा करती है।उन्होंने मांग करते हुए कहा कि घरेलू गैस के बढ़े हुए दामों में तत्काल कटौती की जाए और प्रदेश में नशे के कारोबार या अवैध खेती से जुड़े लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि आम जनता के हित में कांग्रेस की लड़ाई आगे भी जारी रहेगी। इस दौरान जिला शहर अध्यक्ष मुकेश राठौर ग्रामीण जिला अध्यक्ष मनोज चौहान, श्याम सुंदर सोनी, विकास सिंह , महिला कांग्रेस अध्यक्ष कुसुम द्विवेदी, संजू पैकरा ,पालूराम साहू , मनीष शर्मा, सुखसागर निर्मलकर ,गिरधारी बरेठ, तोपचंद बैरागी, रमेश वर्मा ,पन्ना अमित,बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और स्थानीय पदाधिकारी मौजूद रहे।

## गौमुखी सेवा धाम में चैत्र नवरात्रि की भव्य तैयारी शुरू

**कोरबा।** कोरबा जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र देवपहरी स्थित आस्था के प्रमुख केंद्र गौमुखी सेवा धाम में चैत्र नवरात्रि पर्व की तैयारियों को लेकर मां गौमुखी सिद्धिदात्री के पावन प्रांगण में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में आसपास के ग्रामो के गणमान्य नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और श्रद्धालुओं ने भाग लेकर आगामी नवरात्रि पर्व को भव्य, सुव्यवस्थित और श्रद्धामय वातावरण में मनाने हेतु विस्तृत चर्चा की। आयोजित इस बैठक में नवरात्रि के नौ दिनों तक होने वाले धार्मिक कार्यक्रमों, पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन, मंदिर परिसर की साफ-सफाई, श्रद्धालुओं की सुविधा, जल एवं प्रसाद वितरण, सुरक्षा व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक तैयारियों को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। उपस्थित लोगों ने अपने सुझाव भी साझा किए और सामूहिक रूप से यह निर्णय लिया गया कि सभी ग्रामीण मिलकर इस पावन पर्व को भक्ति, श्रद्धा और अनुशासन के साथ मनाएंगे।गौमुखी सेवा धाम क्षेत्र में श्रद्धा और आस्था का प्रमुख केंद्र माना जाता है, जहां वर्षभर श्रद्धालुओं का आगमन लगा रहता है। विशेष रूप से चैत्र नवरात्रि और शारदीय नवरात्रि के अवसर पर यहां दूर-दूर से हजारों श्रद्धालु पहुंचकर मां गौमुखी सिद्धिदात्री के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। इसी कारण हर वर्ष नवरात्रि से पहले इस प्रकार की बैठक आयोजित की जाती है, ताकि समय रहते सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा सकें और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। बैठक में यह जानकारी भी दी गई कि आयोजन की तैयारी को लेकर आसपास के लगभग 40 ग्रामो के प्रमुख लोगों को लिखित पत्र भेजकर आमंत्रित किया गया था, ताकि सभी ग्रामो की सहभागिता सुनिश्चित हो सके। हालांकि कुछ लोग विवाह एवं अन्य पारिवारिक कारणों से बैठक में शामिल नहीं हो सके, लेकिन उन्होंने भी नवरात्रि आयोजन में हर संभव सहयोग देने का भरोसा दिलाया है। उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि नवरात्रि का पर्व माता शक्ति की आराधना के साथ-साथ समाज में सकारात्मक ऊर्जा और सद्भाव का संदेश देने वाला पर्व है। इस दौरान पूरा क्षेत्र धार्मिक वातावरण में रंग जाता है और लोग मिलकर अपनी संस्कृति एवं परंपराओं को जीवंत बनाए रखते हैं। ऐसे आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक एकता को मजबूत करने के साथ-साथ नई पीढ़ी को धर्म और संस्कारों से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि नवरात्रि के दौरान मंदिर परिसर की साफ-सफाई, सजावट और श्रद्धालुओं की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाएगा। साथ ही आसपास के गांवों के लोगों से अपील की जाएगी कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर माता के दर्शन करें और धार्मिक आयोजनों में सहभागी बनें।

## भारत की जीत पर मनाया जश्न

**कोरबा ।** 20 विश्व कप में भारत की जीत के बाद पूरे कोरबा अंचल में जश्न का माहौल देखा गया। मैच के शुरुआती रुझानों से ही लोगों में उत्साह था और वे जश्न मनाने लगे थे।

कोरबा शहर के अप्पू गार्डन में मैच के लाइव प्रसारण के लिए एक बड़ा प्रोजेक्टर लगाया गया था। मैच शुरू होने से पहले ही यहां भारी भीड़ उमड़ पड़ी थी। दर्शकों के लिए बैठने और खाने-पीने की भी व्यवस्था की गई थी। ढोल की थाप पर लोग झूमते हुए नजर आए। इसी कड़ी में शहर के मध्य अग्रसेन चौक पर भी व्यापारियों की ओर से प्रोजेक्टर की व्यवस्था की गई थी।

यहां भी बड़ी संख्या में आम जनता मैच का आनंद लेने के लिए एकत्रित हुई। रेलवे फाटक ओवरब्रिज के पास भी प्रोजेक्टर पर फाइनल मैच का सीधा प्रसारण किया गया। हर चौके और छक्के पर दर्शक खुशी से झूम उठे। इसके अलावा पुरानी बस्ती, सीतामढ़ी, एसईसीएल कॉलोनी, मानिकपुर और दादर बस्ती सहित कई अन्य स्थानों पर भी प्रोजेक्टर लगाए गए थे। दादर बस्ती में तो जीत की घोषणा से पहले ही लोगों ने केक काटकर एक-दूसरे को बधाई देना शुरू कर दिया था।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव ने महतारी वंदन की धनराशि महिलाओं को डीबीटी करने के साथ किया खुश

**जांजगीर-चांपा।** प्रदेश की महिलाओं को सौगात देते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने महतारी वंदन योजना अंतर्गत आयोजित राज्य स्तरीय वृहद महतारी वंदन सम्मेलन कार्यक्रम के माध्यम से राज्य सहित जिले के 2 लाख 81 हजार 259 महिला हितग्राहियों को राशि अंतरित की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से जिले के विकासखंड नवागढ़ के ग्राम तेंदुभाठा की श्रीमती सरस्वती केंवट से संवाद किया।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर वृहद महतारी वंदन सम्मेलन एवं मेगा हेल्थ कैम्प का आयोजन ऑडिटोरियम जांजगीर में किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मुख्य आतिथ्य में आयोजित वृहद महतारी वंदन सम्मेलन का वर्चुअल माध्यम से प्रसारण किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष इंजीनियर सत्यलता आनंद मिरी, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती रेखा देवा गढ़ेवाल, जिला पंचायत सदस्य सुश्री आशा साव, श्रीमती उमा राजेंद्र राठौर, श्रीमती प्रियंका सिंह, श्रीमती मोहन कुमारी, श्रीमती नंदिनी राजवाड़े, श्रीमती अनुराधा शुक्ला, श्रीमती उमा सोनी, नगरपालिका उपाध्यक्ष मोहन यादव, अमर सुल्तानिया, पुष्पेंद्र प्रताप सिंह, सुरेश जायसवाल, देव प्रसाद बर्मन, कलेक्टर जन्मेजय महोबे, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अनिता अग्रवाल सहित महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी व बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।



कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष इंजी. सत्यलता आनंद मिरी ने सभी महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि हर वर्ष 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाया जाता है। मातृशक्ति हमारे समाज के लिए वंदनीय है और महिलाएं राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा से देश का नाम रोशन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और यह सिद्ध कर रही हैं कि वे किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। जिले में महिलाओं की आजीविका में लगातार सुधार हो रहा है और उन्हें विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ मिल रहा है। महतारी वंदन योजना, बीसी सखी योजना सहित अन्य योजनाओं से महिलाओं को आर्थिक संबल मिल रहा है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जल स्तर लगातार नीचे जा रहा है, इसलिए जल संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने महिलाओं से जल संचय अभियान से जुड़कर सक्रिय रूप से भागीदारी निभाने की अपील की।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने कहा कि हमारी बेटियां आज हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और क्षमता का परिचय दे रही हैं। शिक्षा, खेल, विज्ञान, प्रशासन और सामाजिक क्षेत्र में बेटियों ने यह साबित किया है कि यदि उन्हें समान अवसर और सही मार्गदर्शन मिले तो वे किसी से भी कम नहीं हैं। उन्होंने कहा कि समाज की वास्तविक प्रगति तब होती है जब बेटियां सुरक्षित, शिक्षित और आत्मनिर्भर बनती हैं इसलिए यह हम सभी की जिम्मेदारी है कि हम बेटियों को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करें, उन्हें आत्मविश्वासी बनाएं और उनके सपनों को साकार करने में सहयोग दें। कलेक्टर श्री महोबे ने सभी महिलाओं से स्वच्छता और जल संचय अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने की अपील भी की। कार्यक्रम के दौरान मेगा हेल्थ कैम्प का आयोजन कर उपस्थित महिलाओं को लाभान्वित किया गया। सक्षम योजना एवं छत्तीसगढ़ महिला कोष अंतर्गत ऋण योजना के तहत महिलाओं को ऋण व प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।

## भाजपा की विष्णु देव सरकार ने महिलाओं के साथ छल किया है:नागेंद्र गुप्ता

### नए आवेदन लिए जाएं राशि को 1000 से 2000 करने की मांग



**जांजगीर चांपा।** छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की विष्णु देव सांय सरकार ने महतारी वंदन योजना के नाम पर छत्तीसगढ़ के महिलाओं को ठगा है यह बातें जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री नागेंद्र गुप्ता ने कहीं उन्होंने आगे कहा कि 8 मार्च विश्व महिला दिवस को सरकार से उम्मीद थी कि महतारी वंदन योजना के अंतर्गत आवेदन आमंत्रित किए जाने की घोषणा करेंगे लेकिन ऐसा नहीं हुआ 2 वर्ष पूर्व चुनाव जीतने के लिए महिलाओं को प्रलोभन दिया गया था और उनसे आवेदन आमंत्रित किया था पात्र और अपात्र के नाम पर हजारों महिलाओं का नाम योजना में शामिल नहीं किया गया 2 वर्ष तक लगातार महतारी योजना के अंतर्गत आवेदन स्वीकार नहीं किया जा रहा है जबकि इन दो वर्षों में छत्तीसगढ़ की युवतियां हजारों की संख्या में विवाहित होकर महतारी वंदन योजना की पात्र हो गई है लेकिन सरकार इवेंट मैनेजमेंट कर अपना चेहरा चमका रही है अगर भाजपा की विष्णु देव सरकार सही मायने में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना चाहती है तो तत्काल महतारी वंदन योजना के आवेदन आमंत्रित करें साथ ही बढ़ती महंगाई को देखते हुए 1000 की राशि को बढ़ाकर 2000 करें और निशक्त महिलाओं के लिए विशेष आर्थिक पैकेज की व्यवस्था करें

### पिकअप और बाइक में भिड़ंत, मौत

**जांजगीर।** सेमरा-अवरिद मार्ग पर पिकअप और बाइक की आमने-सामने की टक्कर में 19 वर्षीय अभिषेक कश्यप की मौत हो गई। वह मां को शादी में छोड़कर घर लौट रहा था। तेज रफ्तार पिकअप ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सीएचसी नवागढ़ ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पिकअप और बाइक जब्त कर मामला दर्ज किया है।

## 13 मार्च को किसानों के खातों में आएगी पीएम किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त

**जांजगीर-चांपा।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 13 मार्च को योजना की 22वीं किस्त जारी की जाएगी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी असम के गुवाहाटी से शाम 5 बजे देश के पात्र किसानों के खातों में डीबीटी के माध्यम से राशि जारी करेंगे।

उप संचालक कृषि ने बताया कि जिले के लगभग 1 लाख 24 हजार पात्र किसानों को इस योजना का लाभ मिलेगा। केंद्र सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के अनुसार इस कार्यक्रम के तहत देशभर के लगभग 9.32 करोड़ किसानों के खातों में 18,650 करोड़ रुपये से अधिक की राशि भेजी जाएगी। जिले में इस दिन को पीएम किसान उत्सव दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इसके तहत विभिन्न स्थानों पर किसान बैठकों का आयोजन किया जाएगा तथा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी दिखाया जाएगा। उप संचालक कृषि ने किसानों से अपील की है कि वे पीएम किसान पोर्टल पर अपना फार्मर आईडी बनाकर ई-केवाईसी और आधार सीडिंग की प्रक्रिया जल्द पूरी कर लें, ताकि किस्त प्राप्त करने में किसी प्रकार की बाधा न हो। किसान फार्मर आईडी, ई-केवाईसी और आधार सीडिंग के लिए नजदीकी चॉइस सेंटर, सीएससी सेंटर या कृषि विभाग के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जल संरक्षण की ली शपथ गांव-गांव चला जल संचय जनभागीदारी अभियान

### मोर गांव-मोर पानी अभियान की दिखी सार्थकता, महिलाओं की भागीदारी से हो रहा सोक पिट , वॉटर हार्वेस्टिंग निर्माण

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर महोबे के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे के मार्गदर्शन में जिले में मोर गांव - मोर पानी अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण को जन-आंदोलन बनाने की दिशा में विशेष पहल की जा रही है। विश्व महिला दिवस के अवसर पर जिलेभर के गांवों में जल संचय जनभागीदारी अभियान चलाया गया, जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए जल संरक्षण का संकल्प लिया। अभियान के तहत गांव-गांव में जनभागीदारी से सोक पिट निर्माण का कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही ग्रामीणों को रिचार्ज पिट, सोखता गड्ढा तथा रेन वॉटर हार्वेस्टिंग जैसी जल संरक्षण संरचनाओं के निर्माण के लिए प्रेरित किया गया, ताकि वर्षा जल का अधिक से अधिक संचयन कर भू-जल स्तर को बढ़ाया जा सके।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में महिलाओं और ग्रामीणों ने जल संरक्षण की शपथ ली और अपने घरों व गांवों में जल संचय के उपाय अपनाने का संकल्प व्यक्त किया। अधिकारियों ने बताया कि जल संरक्षण केवल प्रशासन का नहीं बल्कि पूरे समाज का दायित्व है, जिसे जनभागीदारी से ही सफल बनाया जा सकता है। कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि मोर गांव - मोर पानी अभियान का उद्देश्य प्रत्येक गांव में जल संरक्षण की मजबूत व्यवस्था तैयार करना है। उन्होंने कहा कि यदि हर घर में रिचार्ज पिट और सोखता गड्ढा बनाए जाएं तो वर्षा जल का संरक्षण कर भविष्य में जल संकट से बचा जा सकता है।



विश्व महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं को विशेष रूप से अभियान से जोड़ा गया। अधिकारियों ने बताया कि जल संकट का प्रभाव सबसे अधिक महिलाओं पर पड़ता है, इसलिए जल शक्ति से ही नारी सशक्त होती है संदेश के साथ महिलाओं को जल संरक्षण की पहल में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया।

अभियान के तहत ग्राम पंचायतों, स्वयं सहायता समूहों, आंगनबाड़ी केंद्रों और शैक्षणिक संस्थानों के माध्यम से रैली, कार्यशाला, दीवार लेखन और जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसमें ग्रामीणों और महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए जल संरक्षण को जन-आंदोलन बनाने का संकल्प लिया। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने घरों और आसपास वर्षा जल संचयन की व्यवस्था कर जल संरक्षण के इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संसाधनों को सुरक्षित रखा जा सके।

## महिलाओं की भागीदारी से गांव में नवधा रामायण का आयोजन

**जांजगीर।** शहर के ग्राम कनई (भाटापारा) में इन दिनों अखण्ड नवधा रामायण और मानस प्रतियोगिता का भव्य आयोजन हो रहा है। धार्मिक कार्यक्रम की शुरुआत 8 मार्च को कलश यात्रा के साथ हुई, जो 18 मार्च तक चलेगी। रविवार को निकली कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और युवाओं ने भाग लिया। पूरे गांव में भक्ति और उत्साह का माहौल रहा। महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर मंगल गीत गाते हुए यात्रा में हिस्सा लिया, वहीं ग्रामीणों ने जगह-जगह स्वागत किया। आयोजन समिति ने बताया कि महतारी वंदन योजना से मिलने वाली राशि का उपयोग ग्राम की महिलाओं ने इस धार्मिक और सामाजिक आयोजन में सहयोग के रूप में किया है। इससे गांव में एकता, आस्था और सहभागिता का वातावरण मजबूत हुआ है। कलश यात्रा के बाद विधि-विधान के साथ अखण्ड नवधा रामायण पाठ की शुरुआत हुई। आचार्य पंडित उमाशंकर तिवारी रामायण पाठ कर रहे हैं। आयोजन को सफल बनाने में ग्रामवासी और समिति के सदस्य जुटे हुए हैं।





## 35 डिग्री सेल्सियस पर पारा, रात में भी बढ़ी गर्मी

**जांजगीर।** जिले में रविवार को अधिकतम तापमान 35 डिग्री और न्यूनतम तापमान 20 डिग्री दर्ज हुआ। शुक्रवार की तुलना में तापमान स्थिर रहा, लेकिन दिनभर तेज धूप के कारण लोगों को गर्मी और उमस का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग के अनुसार फिलहाल गर्मी और उमस से राहत की संभावना कम है, क्योंकि दक्षिण दिशा से अधिक मात्रा में नमीयुक्त हवा आ रही है। द्रोणिका, चक्रवात या अन्य कोई सिस्टम सक्रिय नहीं होने से मौसम में बदलाव भी नहीं हो रहा है। पिछले कई दिनों से सूर्योदय से सूर्यास्त तक तेज तपिश बनी हुई है।


### कार्यालय नगर पंचायत सारागांव, जिला-जांजगीर-चांपा ( छ.ग. )

क्रमांक/1113/प्र.मं.आ.यो./न.पं./2025-26 सारागांव, दिनांक 06.03.26

**-:: दावा आपत्ति आमंत्रण सूचना ::-**

छत्तीसगढ़ शासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर का पत्र क्रमांक : PROJ-201/32/2025-UAD नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 23.01.2026 के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी-2.0 अंतर्गत आबादी (प्रचलित/सुरक्षित) भूमि पर काबिज हितग्राहियों को निर्धारित दिशा-निर्देश अनुसार कट-ऑफ तिथि, दिनांक 31 अगस्त 2024 के पूर्व काबिज हितग्राहियों के आवेदन पत्रों पर नगर पंचायत सारागांव द्वारा हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त कर सर्वेक्षणकर्ता द्वारा सत्यापन किया जाकर डीपीआर आबादी भूमि/पट्टाधारी का कुल 460 हितग्राहियों की प्रथम सूची तैयार की गई है सूची संलग्न है। उक्त हितग्राहियों का काबिज, विवादमुक्त होने पर उक्त हितग्राहियों का आवास स्वीकृकिया गया जाना है।

अत: जिस किसी भी व्यक्ति को प्रकाशित सूची में किसी प्रकार का कोई दावा आपत्ति हो तो 07 दिवस के भीतर नगर पंचायत सारागांव कार्यालय में उपस्थित होकर लिखितमय दस्तावेज आपत्ति दर्ज करायी जा सकती है। उक्त तिथि के उपरांत किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

सूचना जाने।
संलग्न - उपरोक्तानुसार हितग्राहियों की सूची

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत सारागांव
जिला- जांजगीर चांपा ( छ.ग. )


## कलेश्वरनाथ में रंगपंचमी पर निकाली शिव बारात

### अनेक वर्षों से इस तरह की परंपरा का निर्वहन किया जा रहा क्षेत्र में

**जांजगीर-चांपा।** जिले के पीथमपुर गांव में रंगपंचमी के अवसर पर बाबा कलेश्वरनाथ की शिव बारात निकाली गई। होली के पांचवें दिन यह आयोजन किया गया, जिसमें मंदिर से पंचमुखी भगवान शिव को चांदी की पालकी में विराजमान कर नगर भ्रमण कराया गया।

इस बारात में नागा और वैष्णव साधु बाराती बनकर बैंड, ताशा और डीजे की धुन पर थिरकते हुए शामिल हुए। इस नजारे को देखने के लिए दूर-दूर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे। पीथमपुर गांव जांजगीर-चांपा जिला मुख्यालय से लगभग 9 किलोमीटर दूर हसदेव नदी के किनारे स्थित है। यहां एक स्वयंभू शिवलिंग स्थापित है, जिसे स्थानीय लोग बाबा कलेश्वरनाथ के नाम से पूजते हैं।

रंगपंचमी के अवसर पर पीथमपुर मंदिर से बाबा कलेश्वरनाथ की पंचमुखी प्रतिमा को चांदी की पालकी में विराजमान कर शिव बारात निकाली गई। श्रद्धालुओं ने पालकी को कंधों पर उठाकर मेला परिसर में घुमाया। बारात में नागा साधुओं की टोली ने गाजे-बाजे की धुन पर करतब और शक्ति प्रदर्शन किया, जो लोगों के आकर्षण का मुख्य केंद्र रहा।



वैष्णव साधु और बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी बारात में शामिल होकर रंग-गुलाल खेलते हुए हसदेव नदी तट तक पहुंचे। यहां नागा साधुओं ने शाही स्नान किया। इसके बाद शिव जी की पंचमुखी प्रतिमा को मंदिर परिसर में पुनः स्थापित कर पूजा-अर्चना की गई। रंगपंचमी के साथ ही पीथमपुर में 15 दिवसीय मेले की भी शुरुआत होती है।

आस्था और परंपरा से जुड़ी इस अनूठी शिव बारात को देखने के लिए हर वर्ष हजारों श्रद्धालु पीथमपुर पहुंचते हैं और पूरे उत्साह के साथ रंगपंचमी का पर्व मनाते हैं।

## विसर्जन सामग्री से तालाब दूषित, आस्था कुंड बनाने मांग

**सक्ती।** शहर में विसर्जन सामग्री के कारण कई प्रमुख तालाब प्रदूषित हो रहे हैं। नगर पालिका क्षेत्र शक्ति के तालाबों के घाटों पर पूजा और



अन्य धार्मिक अनुष्ठानों के बाद बची सामग्री बड़ी मात्रा में फेंकी जा रही है, जिससे तालाबों की स्थिति लगातार खराब हो रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल और प्रशासन से मांग की गई है कि शहर में आस्था विसर्जन सामग्री कुंड का निर्माण कराया जाए, जहां लोग घरों और पूजा स्थलों से निकलने वाली धार्मिक सामग्री डाल सकें।

इसके बाद नगर पालिका प्रशासन समय-समय पर सामग्री एकत्र कर उचित स्थान पर निपटान कर सकेगा। इससे तालाबों में सामग्री फेंके जाने की समस्या काफी हद तक कम होगी। इस दिशा में हनुमान सेवा परिवार ने पहले पहल की थी। संस्था ने घरघर जाकर धार्मिक सामग्री एकत्र करने का अभियान चलाया था। समिति के सदस्य प्रतिदिन रिक्शा से मोहल्लों में जाकर मुनादी करते थे और पूजा सामग्री एकत्र करते थे।

बाद में इन सामग्रियों से खाद बनाई जाती थी, जिससे पर्यावरण को नुकसान नहीं होता था। हालांकि यह व्यवस्था लंबे समय तक नहीं चल सकी। समिति के अनुसार अभियान में प्रतिदिन 500 से 700 रुपए खर्च आता था और शहरवासियों का सहयोग भी अपेक्षित नहीं मिल रहा था। आर्थिक और सामाजिक सहयोग के अभाव में यह व्यवस्था बंद करनी पड़ी। अब हनुमान सेवा परिवार ने नगर पालिका परिषद शक्ति से अनुरोध किया है कि समिति को एक बैटरी संचालित ई-रिक्शा और एक सफाई कर्मचारी उपलब्ध कराएं।

## पेयजल संकट दूर करने सभी वार्डों में बोर खनन शुरू

**सक्ती।** नगर में गिरते जल स्तर और बढ़ती पेयजल समस्या को देखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल ने जांजगीर लोकसभा क्षेत्र की सांसद कमलेश जांगड़े से सभी वार्डों में बोर खनन कर पंप स्थापना की मांग की थी। इस मांग पर तुरंत कार्रवाई करते हुए सांसद कमलेश जांगड़े ने नगर के सभी वार्डों में बोर खनन की स्वीकृति दी, जिससे पेयजल संकट के समाधान की दिशा में ठोस पहल शुरू हो गई है।

इसी क्रम में रविवार को वार्ड क्रमांक 5 में विधिवत बोर खनन कार्य का शुभारंभ किया गया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। वार्ड क्रमांक 5 के पार्षद और नगर पालिका उपाध्यक्ष भरत यादव, वार्ड क्रमांक 16 के पार्षद लाला सोनी, वार्ड क्रमांक 9 के पार्षद पिंटू यादव, वार्ड क्रमांक 10 के पार्षद हुलास देवांगन सहित नगरवासी उपस्थित थे। सभी ने इस पहल को नगर के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए संतोष जताया।

## ट्रेलर चोरी कर भागने की कोशिश नाकाम

**सक्ती।** थाना कोतरारोड रायगढ़ क्षेत्र से 7 मार्च को चोरी हुए लोहे के एंगल से भरे ट्रेलर क्रमांक आरजे 48 जीपी 3147 को सक्ती पुलिस ने नाकाबंदी और लगातार पीछा करते हुए पकड़ लिया।

घटना की जानकारी रायगढ़ कंट्रोल से सक्ती कंट्रोल को मिली और वाहन पकड़ने के लिए अलर्ट जारी किया गया। कंट्रोल रूम में पदस्थ राजेश घिरदे ने सूचना को सभी पुलिस टीमों तक पहुंचाया। इसके बाद यातायात प्रभारी वाय एन शर्मा ने हाईवे पेट्रोलिंग और चेकिंग प्वाइंट में तैनात पुलिसकर्मियों को नाकाबंदी के निर्देश दिए। मसनिया चेकिंग प्वाइंट में आरक्षक दिलेवर साहू, हिरेंद्र सिंह, विजय जोंडे और सुभाष सिदार ने ट्रेलर रोकने की कोशिश की, लेकिन चालक वाहन लेकर भाग निकला।

कंचनपुर में तैनात जयप्रकाश गवेल, रमेश घिरहे और राकेश हरवंश ने भी रोकने का प्रयास किया, परन्तु ट्रेलर आगे निकल गया। इसके बाद जेठा में पुलिस अधीक्षक कार्यालय के पास तैनात सरजुन सिंह और रूपेश कंवर को सड़क जाम कर मार्ग बंद करने के निर्देश दिए गए। इसी दौरान मसनिया से पेट्रोलिंग टीम ट्रेलर का पीछा करती रही और संयुक्त कार्रवाई के बाद ट्रेलर को रोका गया। चालक ने अपना नाम कुलदीप राज निवासी प्रतापपुर थाना सावड़ा जिला अजमेर बताया। आरोपी को थाना बाराद्वार में सुरक्षित रखा गया। बाद में कोतरारोड पुलिस आरोपी को लेकर आगे की जांच में जुटी।

## श्रीरामनवमी के आयोजन की तैयारियां शुरू

**जांजगीर।** नगर के सभी वर्गों के प्रबुद्धजनों की बैठक शनिवार को शनि मंदिर (भैरव मंदिर), भीमा तालाब परिसर में हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य श्रीरामनवमी जन्मोत्सव के भव्य आयोजन की तैयारियों पर चर्चा करना था। उपस्थित प्रबुद्धजनों ने नगरवासियों से आह्वान किया कि वे श्रीराम जन्मोत्सव के दिन अपने घरों और प्रतिष्ठानों के सामने दीप जलाकर नव वर्ष का स्वागत करें। बैठक में निर्णय लिया कि 26 मार्च को श्रीरामनवमी शोभायात्रा को और भव्य बनाने अलगअलग समूहों को जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी। इस बार शोभायात्रा के साथ खुली गाड़ी में लाइव भजन करने वाली पार्टी भी चलेगी।

शोभायात्रा में श्रीराम प्रतिकृति के कटआउट को सुसज्जित रथ में अग्रिम पंक्ति में रखा जाएगा। रथ के दोनों ओर झूमर लाइट की व्यवस्था रहेगी। शोभायात्रा शाम 5 बजे नैला रेलवे स्टेशन के पास श्रीराम मंदिर से शुरू होगी। यात्रा नेताजी चौक, कचहरी चौक होते हुए दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर तक जाएगी।

शोभायात्रा के समापन पर दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ होगा। अगली बैठक 14 मार्च को शाम 5 बजे शनि मंदिर प्रांगण, भीमा तालाब में होगी। बैठक में आलोक मिश्रा, मनोज अग्रवाल, नवीन राठौर, रजनीश अग्रवाल, मनोज राठौर, अमर सुल्तानिया, जितेंद्र देवांगन, योगेश चौरसिया, रमेश मिश्रा, प्रमोद मिश्रा, बोधी राम साह, अवधेश कहरा, विवेक राठौर, महेश शर्मा, अविनाश शुक्ला, दीनानाथ उपाध्याय, हितेश यादव, उमेश राठौर, अजीत गढ़वाल आदि मौजूद रहे।

## रायगढ़ में महिला पुलिस की 'हेलो सिस्टर' टीम

**रायगढ़।** जिले में महिला संबंधी अपराधों में लगातार बढ़ोतरी को देखते हुए पुलिस ने नई पहल की है। महिलाओं की सुरक्षा के लिए अब जिले में 'हेलो सिस्टर' टीम का गठन किया गया है। इस टीम में महिला पुलिसकर्मियों को शामिल किया गया है, जो 24 घंटे अलर्ट रहेंगी। किसी भी प्रकार की सूचना मिलने पर टीम तुरंत पीड़ित महिला को सहायता उपलब्ध कराएगी। जिले में पहली बार इस तरह की विशेष टीम बनाई गई है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एसएसपी शशि मोहन सिंह ने टीम के गठन की घोषणा की। महिलाओं और बच्चियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस विशेष टीम का गठन किया गया है। टीम का नेतृत्व डीएसपी उन्नति ठाकुर करेंगी।

## अनमोल वचन......

याद रखें कि आपकी सहमति के बिना कोई भी आपको कमतर महसूस नहीं करा सकता।

# ट्रंप के मूड की तलवार

*इस दौर में अमेरिका के साथ हुए हर समझौते के टिकाऊपन पर हमेशा राष्ट्रपति ट्रंप के मूड की तलवार लटकी रहती है। फिर अमेरिका के भीतर स्थितियां अस्थिर हैं। ट्रंप के कदमों पर वहां राजनीतिक आम सहमति नहीं है। अमेरिका ने अब भारत से सौर ऊर्जा से संबंधित पाट-पुर्जों के आयात पर 126 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया है। इसे भारत के फूलते-फलते सौर उद्योग पर घातक प्रहार समझा गया है। डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन ने ये कदम उस समय उठाया, जब अमेरिका में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद टैरिफ वॉर के स्वरूप को लेकर अनिश्चय है। ट्रंप ने जिस कानून के तहत दंडात्मक आयात शुल्क लगाए थे, सुप्रीम कोर्ट ने उसे अवैध ठहरा दिया। उसके बाद ट्रंप ने दूसरे कानून के तहत सभी देशों पर दस फीसदी टैरिफ लगाया। बाद में कहा गया कि वे इसे 15 फीसदी तक ले जाएंगे। अब बताया गया है कि आम टैरिफ 10 फीसदी रहेगा और ट्रंप बाकी पांच फीसदी का इस्तेमाल विभिन्न देशों के रुख के हिसाब से करेंगे। इस बीच अलग-अलग उत्पादों (मसलन स्टील) पर लगाए गए शुल्क जारी रहेंगे और नए शुल्क भी ट्रंप लगाते रहेंगे, जैसाकि अब उन्होंने सौर ऊर्जा से संबंधित पाट-पुर्जों पर लगाया है। ऐसे में भारत सहित हर देश के सामने यह प्रश्न है कि ट्रंप प्रशासन से द्विपक्षीय व्यापार समझौता करने का क्या औचित्य है? किसी समझौते के तहत हुई लेनदेन से देश के अधिकांश उद्योगों और अर्थव्यवस्था के ज्यादातर क्षेत्रों को लाभ ना हो रहा हो, तो वैसा समझौता करने की ललक क्यों दिखाई जानी चाहिए। मुद्दा यह भी है कि इस दौर में अमेरिका के साथ हुए समझौते के टिकाऊपन पर हमेशा ट्रंप के मूड की तलवार लटकी रहती है। फिर अमेरिका के भीतर स्थितियां अस्थिर हैं। ट्रंप जो कर रहे हैं, उस पर वहां राजनीतिक आम सहमति नहीं है। सुप्रीम कोर्ट के हालिया निर्णय जाहिर हुआ है कि शासन की सभी संस्थाओं के बीच उन कदमों की वैधानिकता पर आम समझ का अभाव है। इसलिए भारत सरकार को ताजा स्थितियों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। अभी भी समय है कि वह पहले इस बारे में देश को भरोसे में ले और राजनीतिक आम सहमति तैयार करे। वरना, समझौते के प्रति उसके उत्साह पर सवाल उठते रहेंगे। उसे याद रखना चाहिए कि ट्रंप के हर मूडी एक्शन के साथ ऐसे सवाल और संगीन होते जाएंगे।*

## राशिफल

**मेष राशि :** आज आपका भाग्य पूरे दिन आपके साथ रहने वाला है। आज सभी कार्य समय से पूरे हो जायेंगे। आज आपके मन में किसी बात को लेकर उलझन बनी रहेगी, लेकिन किसी के साथ बातें शेयर करने से सब ठीक हो जायेगा। आज आप अपने बिजनेस के लिए नई योजनाएं बनायेंगे।

**वृष राशि:** आज आपका रुझान आध्यात्म की तरफ रहेगा। साथ ही घर पर धार्मिक कार्यक्रम करने का मन बनायेंगे। आज लोगों को प्रसन्न करने के लिए आपको अपने स्वभाव में थोड़ा परिवर्तन लाने की आवश्यकता है। घर परिवार में खुशियों का आगमन होगा। विद्यार्थियों के लिए आज का दिन सफलता दिलाने वाला रहेगा।

**मिथुन राशि:** आज का दिन ठीक-ठाक रहेगा। राजनीति में आप सक्रीय भूमिका निभाएंगें, जिससे लोग आपकी तारीफ करेंगे। आज यात्रा कुछ ज्यादा होने की वजह से थकान महसूस करेंगे। पेंटिंग करने वालों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा, आपकी कला की तारीफ होगी। इंजीनियरिंग के छात्रों को आज किसी अच्छी कंपनी से जॉब के लिए ऑफर आयेगा।

**कर्क राशि:** आज का दिन महत्वपूर्ण रहने वाला है। सोशल मिडिया पर आज आपके नए-नए दोस्त बनेंगे। आज जीवनसाथी के साथ घरेलू चीजों को खरीदने का प्लान बनायेंगे। आज आपको रोजगार के उचित अवसर प्राप्त होंगे। व्यापार के लिए आज आप किसी बड़े ग्रुप से डील करने में कामयाब होंगे। अगर आप नयी जमीन खरीदना चाहते है तो आज का दिन आपके लिए शुभ है।

**सिंह राशि:** आज आपकी ऊर्जा का स्तर अच्छा रहेगा। बढ़ी हुए ऊर्जा के साथ आप काम करेगें तो कम समय में पूरा हो जाएगा। आज आपकी अन्दरूनी ताकत कार्यक्षेत्र में दिन को बेहतर बनाने में भी मददगार साबित होगी। जीवनसाथी के जीवन में बदलाव आने से खुशी का माहौल बनेगा। आज आपके व्यवहार को लेकर पड़ोसी आपकी तारीफ करेंगे। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा।

**कन्या राशि :** आज आप धार्मिक कार्यों में व्यस्त रहेंगे। आज आपको रोजगार के उचित अवसर प्राप्त होंगे। आज किसी कार्य को पूरा करने के लिए परिवार वालों से राय ले सकते है। घर में खुशनुमा माहौल बना रहेगा। लवमेट के साथ कही घूमने जायेंगे, रिश्ते में और मिठास आयेगा। आज आपके व्यापार में दो-गुना वृद्धि होने के योग बने हुये है। आज आपको अपने पिता से अच्छा सरप्राइज मिलेगा।

**तुला राशि:** आज का दिन अच्छा रहने वाला है। दोस्तों से किसी रुके हुए कार्य को पूरा करने में मदद मिलेगी। आज किसी नये व्यवसाय में पैसा लगाने से आपको दोगुना धनलाभ हो सकता है। जमीन-जायदाद से जुड़ी समस्या का समाधान निकलेगा। व्यापार में अच्छा मुनाफा होने की वजह से आज आप पूरे दिन प्रसन्न रहेंगे।

**वृश्चिक राशि:** आज का दिन खुशियों भरा रहेगा। आज किसी बड़ी कंपनी से आपके साथ काम करने का प्रपोजल आयेगा। विद्यार्थियों के लिए आज का दिन बेहतरीन रहेगा, थोड़ी और मेहनत करने से सफलता जल्द ही कदम चूमेगी। आज नये प्रोजेक्ट पर काम करने से पहले अनुभवी लोगों से सलाह लेना आपके लिए फायदेमंद रहेगा।

**धनु राशि :** आज का दिन ठीक-ठाक रहेगा। आज ज्यादा क्रोध करने से आपका काम बिगड़ सकता है। बेहतर होगा कि आज किसी भी बात पर गुस्सा करने से बचें। आज पॉपर्टी में निवेश करने के लिए दिन शुभ है।सामाजिक कार्यों को लेकर आपके आस-पास के लोग आपकी तारीफ करेंगे।

**मकर राशि:** आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आज नौकरी में बदलाव करने का मन बनायेंगे। जॉब की तलाश कर रहे लोगों के लिए जॉब के अच्छे अवसर सामने आएंगे। आप अपने रूटीन में साकारात्मक बदलाव करेंगे तो निश्चित तौर पर आपके रूप-रंग को आकर्षित बनाएगा। आज आप आसानी से पैसे इकट्ठा कर सकते हैं। लोगों को दिए पैसे आज आपको वापस मिलेंगे।

**कुंभ राशि :** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। माता-पिता का आर्शीवाद आपको मंजिल तर पहुंचाने में मदद करेगा। आज लोगों की राय आपके लिए कारगर साबित होगी। आर्थिक पक्ष पहले से काफी बढ़िया रहेगा। व्यापारियों के लिए आज का दिन उत्तम रहेगा। इस राशि के विवाहित लोगों के लिए आज दिन अच्छा रहने वाला है। कलात्मक कार्यों में आज आपकी रूचि बढ़ेगी।

**मीन राशि:** आज का दिन अनुकूल रहेगा। आज नए दोस्त बनाने से पहले उनके बारे में पूरी जानकारी कर लें, तभी दोस्ती का हाथ बढ़ाये। इस राशि के अविवाहित लोगों के विवाह की बात होगी। आज घरेलू उपयोग का सामान खरीदने मार्केट जायेंगे। आज किसी अन्य पर भरोसा न करें। बिजनेस में साझेदारी सोच-समझ कर ही करें साथ ही नयी योजनाओं को लागू करने से लाभ होगा।

# सार्वजनिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनानाः किफायती और गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाओं के लिए जनऔषधि परियोजना का रणनीतिक विकास

//जगत प्रकाश नड्डा//

**जन औषधि सस्ती भी, भरोसेमंद भी, सेहत की बात, बचत के साथ किसी राष्ट्र की प्रगति का असली पैमाना अक्सर इस बात से परिलक्षित होता है कि उसके नागरिक स्वास्थ्य सेवा जैसी बुनियादी आवश्यकताओं तक कितनी आसानी से पहुँच सकते हैं। दशकों तक, भारत के लाखों लोगों के स्वास्थ्य और आरोग्य के लिए दवाओं की उच्च लागत एक प्रमुख वित्तीय बाधा रही है। इस संदर्भ में, प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना (पीएमबीजेपी), प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाओं को उनके ब्रांडेड समकक्षों की तुलना में काफी कम कीमत पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई पहल है। यह परियोजना सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल में एक महत्वपूर्ण कमी को दूर करके एक व्यापक और व्यवस्थित परिवर्तन लाने में सफल रही है।**

वैश्विक स्तर पर, जेनेरिक दवाइयाँ सुलभ स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों की मूलभूत आधारशिला हैं। विश्व भर में चिकित्सकों द्वारा दी जाने वाली कुल दवाइयों में इनकी हिस्सेदारी लगभग 80-90 प्रतिशत है और इसने आवश्यक दवाओं तक पहुँच बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यद्यपि जेनेरिक दवाइयाँ पैकेज, लेबल और निष्क्रिय अवयव की दृष्टि से भिन्न हो सकती हैं, लेकिन अध्ययनों से पता चला है कि ये अंतर उनके चिकित्सीय प्रभाव पर असर नहीं डालते हैं। खुराक, सुरक्षा, क्षमता, गुणवत्ता और लक्षित उपयोग के संदर्भ में जेनेरिक दवाएं ब्रांडेड दवाओं की समकक्ष हैं तथा उत्पादन और गुणवत्ता के कठोर मानकों का समान रूप से पालन करती हैं।

पीएमबीजेपी केवल एक खुदरा-बिक्री कार्यक्रम नहीं है; यह भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली के संरचनात्मक सशक्तिकरण को दर्शाता है। यह इस साल के जनऔषधि सप्ताह के थीम में परिलक्षित होता है, जन औषधि सस्ती भी, भरोसेमंद भी, सेहत की बात, बचत के साथ, यह थीम लाखों लाभार्थियों के साथ गहराई से प्रतिध्वनित होती है। 18,000 से अधिक जनऔषधि केंद्रों के तेजी से बढ़ते नेटवर्क के माध्यम से, योजना ने सुनिश्चित किया है कि दवाइयाँ बाजार दरों की तुलना में 50 प्रतिशत से 80 प्रतिशत तक की कम कीमतों पर उपलब्ध हों और सभी सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि वाले परिवारों को समर्थन प्रदान करती हों। क्षेत्र सर्वेक्षणों से पता चला है कि लाभार्थी लागत बचत और दवाइयों तक बेहतर पहुँच की सराहना करते हैं।

योजना का पैमाना इसके उत्पाद संग्रह से भी परिलक्षित होता है। जनऔषधि 2,110 दवाओं और 315 सर्जिकल उत्पादों का विस्तृत संग्रह पेश करता है, जो 29 विभिन्न चिकित्सीय क्षेत्रों को शामिल करती है। भारतीय औषधि एवं चिकित्सा उपकरण ब्यूरो (पीएमबीआई) के प्रत्यक्ष देखरेख में, संग्रह का विस्तार एक गतिशील, डेटा-संचालित प्रक्रिया है, जिसमें बाजार विश्लेषण, हितधारकों की भागीदारी और एक समर्पित विशेषज्ञ समिति की कठोर निगरानी शामिल हैं। इससे सुनिश्चित होता है कि योजना देश की बदलती स्वास्थ्य आवश्यकताओं और औषधीय मांगों के अनुरूप विकसित होती रहे।

कठोर नियामक निरीक्षण के साथ, भारतीय दवा कंपनियां 200 से अधिक देशों के लिए भरोसेमंद आपूर्तिकर्ता बन गई हैं, जिसमें अमेरिका, यूके और यूरोपीय संघ जैसे अत्यधिक विनियमित बाजार भी शामिल हैं। भारतीय दवा कंपनियां लैटिन अमेरिका, अफ्रीका और पूर्वी यूरोप जैसे उभरते बाजारों में भी विस्तार कर रही हैं।

यह उद्योग जैविक दवाओं के समान दवाओं (बायोसिमिलर), जैविक दवाओं के जेनेरिक प्रतिरूपों पर भी ध्यान केंद्रित कर रहा है, साथ ही जटिल जेनेरिक और विशेष दवाओं का उत्पादन करने के लिए अनुसंधान और विकास में भी अधिक निवेश कर रहा है। ये दूरदर्शी कार्यक्रम भारत को न केवल एक वैश्विक उत्पादन केंद्र के रूप में, बल्कि किफायती दवाओं के क्षेत्र में भविष्य के नवाचार अग्रणी देश के रूप में भी स्थापित करते हैं।

गुणवत्ता बनाम मूल्य पर बहस कभी-कभी सार्वजनिक धारणा को प्रभावित करती है। एक बहु-स्तरीय गुणवत्ता आश्वासन व्यवस्था के माध्यम से,पीएमबीजेपी ने इस मिथक को प्रभावी ढंग से तोड़ दिया है कि किफायती होना निर्माण मानकों में समझौते का संकेत देता है। दवाइयाँ डब्ल्यूएचओ-जीएमपी प्रमाणित निर्माताओं से खरीदी जाती हैं, जो वैश्विक उत्पादन मानकों का पालन सुनिश्चित करती हैं। नियम निर्धारित करते हैं कि फार्मेसी की शेल्फ तक पहुंचने से पहले दवा के हर बैच का राष्ट्रीय परीक्षण और अंशांकन प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीएल) द्वारा स्वीकृत प्रयोगशालाओं में सख्त सत्यापन होना आवश्यक है। ये दवाइयाँ औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 के नियमों का पालन करती हैं और ब्रांडेड विकल्पों के सुरक्षा और प्रभावशीलता मानकों के अनुरूप हैं। गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए खरीद से पहले सावधानीपूर्वक समीक्षा की जाती है और खरीद के बाद प्रयोगशाला में परीक्षण किया जाता है। परियोजना की कार्यान्वयन एजेंसी, पीएमबीआई नियमित रूप से दवाओं की गुणवत्ता की निगरानी और समीक्षा करती है, ताकि स्थापित विनियमों के पालन में कोई कोताही न होना सुनिश्चित किया जा सके।

एक आईटी-संचालित वितरण नेटवर्क, जिसे पांच अत्याधुनिक भंडार गृहों और देशभर के में 41 विशेष वितरकों का समर्थन प्राप्त है, ने सुनिश्चित किया है कि आपूर्ति श्रृंखला व्यवधानों के खिलाफ सुदृढ़ बनी रहे। तीन स्तंभों - पहुँच, गुणवत्ता और सस्ती कीमत - पर ध्यान केंद्रित करके, पीएमबीजेपी ने लाखों लोगों के चिकित्सा खर्च को काफी हद तक कम कर दिया है। निरंतर संस्थागत समर्थन, लोगों की बढ़ती जागरूकता और अवसंरचनात्मक सुधारों के साथ, हर जिले में जनऔषधि केंद्र का सपना अब दूर की आकांक्षा नहीं, बल्कि यह ठोस रूप ले चुका है और वास्तविकता के करीब है।

'विकसित भारत 2047 दृष्टि के तहत मुख्य ध्यान इस बात पर है कि हर किसी के लिए एक सुदृढ़, न्यायसंगत और किफायती स्वास्थ्य सेवा प्रणाली बनाई जाए। इसमें बेहतर अस्पताल, कम चिकित्सा खर्च, उपचार तक आसान पहुंच और सस्ती दवाओं की उपलब्धता शामिल हैं। बहु-क्षेत्रीय सहयोगों के जरिये, पीएमबीजेपी ने यह साबित किया है कि सही संस्थागत दृष्टि के साथ, स्वास्थ्य सेवा उच्च गुणवत्ता युक्त और सार्वभौमिक रूप से सुलभ दोनों हो सकती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि यह परियोजना प्रगति करती रहे और किफायती स्वास्थ्य सेवा के वैश्विक मॉडल के रूप में अपनी स्थिति को निरंतर बनाए रखे।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली के सरोजिनी नगर में श्रमजीवियों से बातचीत की.

//नीरज कुमार दुबे //

**लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि भारत में आखिर किस बात का मातम मनाया जा रहा है। जिस खामेनेई को लेकर कुछ लोग यहां छाती पीट रहे हैं, वही खामेनेई पिछले एक दशक से बार बार भारत के आंतरिक मामलों पर टिप्पणी करते रहे थे। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की अमेरिका और इजराइल के संयुक्त हमले में हुई मौत के बाद भारत के कुछ हिस्सों में जिस तरह शोक और विरोध का माहौल बनाया जा रहा है, उसने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।**

सवाल यह है कि भारत के आंतरिक मामलों में गैर-जरूरी टिप्पणियां करते रहे खामेनेई की मौत पर यहां हंगामा क्यों खड़ा किया जा रहा है। खासकर कश्मीर घाटी में हालात क्यों तनावपूर्ण बनाये जा रहे हैं। कश्मीर में जनजीवन लगातार छठे दिन प्रभावित है। अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद यह पहली बार है जब घाटी में इतने बड़े पैमाने पर विरोध देखने को मिला है।

लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि भारत में आखिर किस बात का मातम मनाया जा रहा है। जिस खामेनेई को लेकर कुछ लोग यहां छाती पीट रहे हैं, वही खामेनेई पिछले एक दशक से बार बार भारत के आंतरिक मामलों पर टिप्पणी करते रहे थे। 2017 में उन्होंने मुस्लिम देशों से कश्मीर के मुसलमानों का समर्थन करने की अपील की थी। अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद भी उन्होंने भारत को कश्मीर पर तथाकथित न्यायपूर्ण नीति अपनाने की नसीहत दी थी, जिस पर भारत ने कड़ी आपत्ति जताई थी और ईरानी दूत को तलब किया था।यही नहीं, जनवरी 2020 में नागरिकता संशोधन कानून को लेकर ईरान की संसद के अध्यक्ष ने इसे मुस्लिम विरोधी बताया था, जिसे भारत ने अपने आंतरिक मामले में दखल करार दिया था। उसी साल दिल्ली दंगों के दौरान खामेनेई ने सोशल मीडिया पर लिखा था कि भारत को चरमपंथी हिंदुओं का सामना करना चाहिए। उन्होंने दिल्ली दंगे के दौरान हिंसा को मुसलमानों का नरसंहार बताया था। उन्होंने यह तक कहा था कि भारत इस्लामी दुनिया से अलग थलग पड़ सकता है। यही नहीं, सितंबर 2024 में भी खामेनेई ने एक पोस्ट में भारत को म्यांमार और गाजा के साथ जोड़ते हुए टिप्पणी की थी, जिस पर भारत सरकार ने उसे गलत और अस्वीकार्य बताया था।ऐसे व्यक्ति की मौत पर भारत में शोक मनाने वालों से सीधा सवाल है कि क्या उन्हें यह याद नहीं कि यही नेता भारत के खिलाफ लगातार बयान देता रहा था। खामेनेई की मौत पर भारत में मातम मना रहे लोगों को क्या ईरान में महिलाओं पर कठोर नियंत्रण और वहां के प्रदर्शनकारियों के खिलाफ हुई कठोर दमनात्मक कार्रवाइयां भी दिखाई नहीं देतीं।

यहां सवाल यह भी उठता है कि कांग्रेस संसदीय दल की चेयरपर्सन सोनिया गांधी आखिर किस नैतिक अधिकार से मोदी सरकार की ईरान नीति पर सवाल उठा रही हैं। सोनिया गांधी को याद होना चाहिए कि साल 2005 से 2009 के बीच जब भारत अमेरिका के साथ नागरिक परमाणु समझौते पर बातचीत कर रहा था, तब कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार ने अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी में तीन बार ईरान के खिलाफ मतदान किया था। आज जब वही दल केंद्र सरकार की नीति पर सवाल उठा रहा है, तब क्या उसे अपने पुराने फैसलों का जवाब नहीं देना चाहिए। देखा जाये तो भारत की आधिकारिक नीति फिलहाल संतुलित दिखाई देती है। नई दिल्ली ने पश्चिम एशिया में शांति और स्थिरता की अपील दोहराई है और कूटनीतिक समाधान पर जोर दिया है। लेकिन देश के भीतर जो भावनात्मक और राजनीतिक प्रतिक्रिया सामने आ रही है, उसने यह बहस तेज कर दी है कि आखिर भारत में खामेनेई के लिए किस कारण से मातम मनाया जा रहा है।

# इसराइल और अमेरिका की निंदा

विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और सैन्य क्षमता के देश अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने जैसे पूरी दुनिया, विशेषकर मध्य पूर्व एशिया को युद्ध की आग में झोंककर तीसरे विश्व युद्ध के मुहाने पर खड़ा कर दिया है। इसराइल ने 28 फरवरी को अमेरिका के साथ मिलकर ईरान में मिसाइलों, बम वर्षक विमानों से एक साथ हमला कर ईरान के सुप्रीम कमांडर अली खुमेनई सहित, रक्षा मंत्री, गृह मंत्री,43 लोगों को मौत के घाट उतार दिया है। विगत तीन दिन से इसराइल और ईरान में घमासान मचा हुआ है। दूसरी ओर ईरान ने दुबई, कुवैत, यमन, दोहा, जद्दा, बहरीन, आबुधाबी में स्थित अमेरिका के ठिकानों पर हमला कर दिया।

दुनियां भर में इसराइल और अमेरिका के इस कृत्य की निंदा हो रही है। यहां तक कि पाकिस्तान और भारत में भी कई शहरों लोगों ने विरोध जताया है। हालांकि भारत आधिकारिक तौर पर विश्व शांति की अपील की है। इस घटनाक्रम का विश्व बाजार पर गहरा असर पड़ेगा। कच्चे तेल की कीमतें बढ़ेगी क्योंकि पूरे विश्व का 22 फीसदी क्रुड ऑयल भंडार ईरान पर है और भारत अपनी जरूरत का तीस फीसदी तेल ईरान से खरीदता है। ईरान ने मिसाइलों से दुबई, कुवैत, यमन, दोहा, जद्दा, बहरीन आबुधाबी,के तेल संयंत्रों को बर्बाद कर दिया है। आज बाजार खुलते ही सेंसेक्स 1000 पॉइंट नीचे गिर गया।दरअसल जब से 2025 से दूसरी बार यू एस प्रेसिडेंट बने हैं डोनाल्ड ट्रंप तब उनके फैसलों में आग निकल रही है। पहले उन्होंने टैरिफ बार खेला और भारत , चाइना को इस जाल में फंसा कर अपनी बात मनवाई।इस वर्ष उन्होंने वेनेजुएला के राष्ट्रपति मादुरो को पकड़कर अमेरिकी जेल में डाल दिया और वेनेजुएला पर कब्जा कर लिया। ईरान पर आठ माह पूर्व उसके परमाणु हथियारों के ठिकानों पर हमला किया। बस रूस ही ऐसा देश है जो अमेरिकी दबाब में नहीं आ रहा है और वह भी यूक्रेन को हड़प रहा है। इतना नहीं नाटो देश भी अब अमेरिका के साथ है। जर्मनी, फ्रांस, इंग्लैंड ने अपनी सेना युद्ध में उतारने का मन बना लिया है। डॉनल्ड ट्रंप से पहले के यू एस प्रेसिडेंट चाहे वह बराक ओबामा रहे हो या जोए बाइडन, यहां तक कि जॉर्ज बुश, सीनियर,जूनियर, विश्व राजनीतिक दखल तो रखते हुए सौम्यता बनाए रखते थे। हालांकि 50 वर्षों में मध्य पूर्व एशिया में अमेरिका ने सऊदी अरब, कुवैत, यमन, दोहा जद्दा, बहरीन, आबुधाबी को अपने रखा कवच में रखा है और वहां पर अमेरिका के सैनिक अड्डे, हवाई जहाज है।लेकिन इसराइल को उन्होंने विशेष रूप से सृजित किया है। इसराइल के पास आज ईरान,इराक,जैसे बड़े से अधिक सैन्य क्षमता है। यह सब अमेरिका का किया धारा है। ईरान भी कट्टर मुस्लिम शिया देश है जबकि साउथ एशिया में अफगानिस्तान, पाकिस्तान, यूएई, सऊदी अरब, कुवैत यमन दोहा जद्दा बहरीन आबुधाबी,सभी सुन्नी मुस्लिम देश है। ईरान को केवल लेबनान, बेरुत से सहयोग मिलता है। इसी लिए उसने हिज्बुल्लाह,हमास, अलकायदा, तालिबान, मिलेशिया को पनपा रखा है। ईरान का इतिहास भी कम रक्त रंजित नहीं है। यहां भी 1979 से पहले राजा पहलवी की किंग डम थी लेकिन अयातुल्ला खोमानी नामक कट्टर पंथी ने इस्लामिक क्रांति कर दी और ईरान का खुला पन जाता रहा है महिलाओं पर बेहद कड़े कानून लागू हुए। 1989 में अयातुल्ला खोमानी की निधन के बाद से 37 वर्ष से अली खुमेनई का शासन है। ईरान इसराइल से निपटने के लिए परमाणु हथियारों को हासिल करना चाहता था उसने 90 फीसदी तक यूरेनियम का परिशोधन कर लिया था।लेकिन अमेरिका ने अगस्त 2025 में उनका परमाणु हथियार बनाने वाला स्थान पर बमबारी की । दरअसल सऊदी अरब कुवैत यमन दोहा जद्दा बहरीन आबुधाबी, सभी चाहते हैं कि ईरान मध्य पूर्व में मुस्लिम देशों का नेता बनना चाहता है।ईरान के पूरे विश्व का 22 फीसदी क्रूड ऑयल भंडार है जो वेनेजुएला के बाद दूसरे स्थान पर है। डॉनल्ड ट्रंप ने ईरान को दबाने की मोहिम तो अपने पहले कार्यकाल से चला रखी है लेकिन 2021 के चुनाव में वे जोए बाइडन से हार गए थे। लेकिन इस बार उन्होंने इसराइल से मिल कर ईरान पर कब्जा तो नहीं अपना उल्लू बैठाने का फैसला कर दिया था। और अमेरिका में रह रहे पहलवी बांसाज़ को सत्ता सौंपेगे। इसी लिए अमेरिका ने सबसे पहले अली खुमेनई को निपटाया है। सूत्र बताते हैं कि यह युद्ध अभी रुकने वाला नहीं है। लगे हाथ इजरायल ने भी गाजा पट्टी पलस्तीन खाली कराली है। पलस्तीनियों को अफ्रीकी देश में बसाने की मुहिम चल रही है।

## तस्वीरों की दुनिया



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी केरल में इंटरनेशनल विमेंस डे के मौके पर खाना खाते हुए छात्राओं से बातचीत करते हुए।



आशुतोष ब्रह्मचारी, जिन्होंने शिकायत दर्ज कराई थी कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती अपने आश्रम में स्टूडेंट्स का यौन शोषण करते हैं, प्रयागराज में ट्रेन में एक अनजान आदमी द्वारा रेजर से हमला किए जाने के बाद मेडिकल जांच के लिए ले जाए जा रहे हैं।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में कई डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स के उद्घाटन और शिलान्यास के दौरान भाषण दिया।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नई दिल्ली में कई डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स के उद्घाटन और शिलान्यास के दौरान।




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली के सरोजिनी नगर में श्रमजीवियों से बातचीत की।

# भारतीय टीम पर हुई करोड़ों रुपयों की बारिश तो न्यूजीलैंड हार के बावजूद हुआ मालामाल, बाकी टीमों का भी आईसीसी ने भरा खजाना

**नईदिल्ली, 09 मार्च [एजेंसी]।**

भारतीय टीम के टी20 वर्ल्ड कप के चैंपियन बनने के बाद रुपयों की बारिश हुई है। न्यूजीलैंड को भले ही फाइनल मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा लेकिन उन्हें भी करोड़ों रुपए मिले हैं। इसके अलावा सुपर-8 की टीमें और ग्रुप स्टेज मुकाबले खेलने वाली टीमों को भी करोड़ों रुपए मिले हैं। हालांकि, विजेता टीम को सबसे अधिक रुपए मिले हैं। बता दें कि टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए आईसीसी ने कुल 120 करोड़ रुपए की प्राइज मनी का ऐलान किया था।टी20 विश्व कप में आईसीसी ने सभी टीमों के लिए एक राशि तय की थी। ऐसे में 120 करोड़ रुपए को टूर्नामेंट में भाग लेने वाली 20 टीमों को पैसे मिलेंगे। भारतीय टीम ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में न्यूजीलैंड को 96 रनों से हराया। इसी के साथ टीम इंडिया ने टी20 वर्ल्ड की ट्रॉफी पर तीसरी बार कब्जा जमाया है। इसके लिए टीम इंडिया को 27 करोड़ की मोटी रकम




मिलने वाली है। भारत ने अहमदाबाद में टी20 वर्ल्ड कप का खिताब अपने नाम किया। इसी के साथ भारतीय टीम पर आईसीसी की तरफ से करोड़ों रुपयों की बारिश हुई है। सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली टीम को फाइनल जीतने के बाद आईसीसी की तरफ से 3 मिलियन डॉलर यानी लगभग 27.48 करोड़ रुपए मिले। न्यूजीलैंड को भारत के खिलाफ मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। आईसीसी ने रनर-उप टीम के लिए 1.6 मिलियन डॉलर की इनामी राशि रखी थी। ऐसे में कीवी टीम को फाइनल हारने के बावजूद लगभग 14.65 करोड़ रुपए मिले।

सेमीफाइनल तक साउथ अफ्रीका और इंग्लैंड ने क्वालीफाई किया था। प्रोटियाज को न्यूजीलैंड के खिलाफ 9 विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। तो वहीं इंग्लिश टीम को भारतीय टीम ने 7 रनों से हराया था। ऐसे में साउथ अफ्रीका औक इंग्लैंड को 7.24 करोड़ रुपए मिले।सुपर-8 तक पहुंचने वाली टीम को भी करोड़ों रुपए मिले हैं। इस चरण तक पहुंचने वाली टीम को 3.48 करोड़ रुपए मिले हैं। इसके अलावा ग्रुप स्टेज की बात करें, तो यहां पर आईसीसी ने सभी टीमों के लिए 2.29 करोड़ रुपए की इनामी राशि तय की है। ऐसे में भाग लेने वाली सभी टीमों को 2.29 करोड़ रुपए मिले हैं।

# हरियाणा में महिलाएं बनेंगी आत्मनिर्भर: मातृशक्ति उद्यमिता योजना के तहत मिलेगा 5 लाख तक का लोन, करें आवेदन



**रोहतक, 09 मार्च [एजेंसी]।**

हरियाणा सरकार की ओर से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने तथा उनकी आर्थिक व सामाजिक स्थिति को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मातृशक्ति उद्यमिता योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत पात्र महिलाओं को बैंकों के माध्यम से 5 लाख रुपये तक का ऋण उपलब्ध करवाया जाएगा। हरियाणा महिला विकास निगम की ओर से गत वर्ष 2024-25 में 73,557 रुपये की सब्सिडी महिलाओं को प्रदान की जा चुकी है। डीसी सचिन गुप्ता ने बताया कि यह योजना हरियाणा महिला विकास निगम के माध्यम से संचालित की जा रही है।योजना के तहत जिला के लिए वर्ष 2025-26 में 48 मामलों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि जिन महिलाओं की वार्षिक आय 5 लाख रुपये से कम है और जो हरियाणा की स्थायी निवासी हैं, वे इस योजना का लाभ ले सकती हैं। ऋण के लिए आवेदन करते समय महिला उद्यमी की आयु 18 से 60 वर्ष के बीच होनी चाहिए व आवेदक किसी भी बैंक का डिफाल्टर नहीं होना चाहिए। योजना के तहत समय पर ऋण की किस्त जमा करवाने पर 3 वर्षों तक 7 प्रतिशत ब्याज अनुदान हरियाणा सरकार द्वारा महिला विकास निगम के माध्यम से दिया जाएगा।योजना के अंतर्गत परिवहन, सेवा व लघु उद्योग से जुड़ी अनेक गतिविधियां शामिल हैं, जिनमें आटो रिक्शा, छोटा मालवाहक वाहन, ई-रिक्शा, टैक्सी, सैलून, ब्यूटी पार्लर, टेलरिंग, बुटीक, फोटो स्टूडियो, पापड़ व अचार निर्माण, हलवाई की दुकान, फूड स्टाल, आइसक्रीम यूनिट, बिस्कुट निर्माण, टिफिन सेवा तथा मिट्टी के बर्तन बनाने जैसे कार्य शुरू किए जा सकते हैं।

## बयान बदलने से मना किया तो गर्भवती रेप पीड़िता के साथ फिर हुआ दुष्कर्म

**मुरादाबाद।** शादी का झांसा देकर प्रेमजाल में फंसा जबर सिंह ने गांव की युवती से कई बार दुष्कर्म कर उसे गर्भवती कर दिया। पीड़िता को धोखे का पता चला तो प्राथमिकी दर्ज कराई। नाराज आरोपित पक्ष बयान बदलने का दबाव बनाने लगा। पीड़िता ने इनकार किया तो छह मार्च को जबर सिंह के भाई विजनेश ने चाकू की नोक पर गर्भवती को शिकार बना डाला। एसपी देहात कुंवर आकाश सिंह ने बताया कि दुष्कर्म पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने विजनेश, धारा सिंह, अनूप, अशरफी, सोनम और नीतू के विरुद्ध सामूहिक दुष्कर्म समेत विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है।जांच के बाद कार्रवाई होगी। पीड़िता के मुताबिक जबर सिंह युवती को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करता रहा। इससे युवती चार माह की गर्भवती हो गई। युवती ने जब जबर सिंह को यह बात बताई तो उसने शादी से मना कर दिया। फिर युवती ने आरोपित के विरुद्ध दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज करा दिया। इसके बाद आरोपित युवती पर उसके पक्ष में बयान दर्ज कराने का दबाव बना रहे थे।

# हिंदू समाज अपनी जड़ों की ओर लौटे, मंदिर और श्मशान पर सबका हो समान अधिकार: सुनीता हलदेकर

**रांची।** राष्ट्र सेविका समिति की अखिल भारतीय सह कार्यवाहिका सुनीता हलदेकर ने कहा कि हिंदू समाज विश्व का सबसे उदार समाज है। इसका फायदा दूसरे लोग उठाते हैं। हिंदू समाज को अपनी जड़ों की ओर लौटना होगा। समाज में समरसता बनी रहे, इस पर सभी लोगों को मिलकर विचार करना होगा।समाज में मंदिर, श्मशान और जल पर सभी का समान अधिकार होना चाहिए। इसे लेकर हिंदू समाज में कोई भेदभान न हो। वे रविवार को रांची के पंडरा स्थित चटकरपुर में सनातन समाज की ओर से आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन को संबोधित कर रहीं थीं। कार्यक्रम में हिंदू समाज के सैकड़ों सदस्य एकत्रित हुए, जहां वक्ताओं ने राष्ट्र निर्माण, सांस्कृतिक संरक्षण और छुआछूत मुक्त समाज के संकल्प को दोहराया। महिलाओं की संख्या काफी थी।सुनीता हलदेकर ने रघुकुल रीति का स्मरण कराते हुए नारी शक्ति के विस्तार, भारत माता की प्रतिष्ठा और सामाजिक कुरीतियों का उन्मूलन करने का आह्वान किया।



पंच परिवर्तन से व्यक्ति निर्माण और सुदृढ़ परिवार व्यवस्था पर जोर दिया। कहा, परिवार में एकता बनी रहनी चाहिए। हम अलग-अलग रहें परंतु एक रहें। समय-समय पर मिलते रहें। परिवार में रहने वाले सभी लोग सप्ताह में एक दिन तो जरूरत साथ में भोजन करें। सामाजिक समरसता को बनाए रखें। घर की महिलाएं पर्यावरण संरक्षण को लेकर सजग हों। नागरिक कर्तव्यों का पालन जरूर करें। महाकुंभ की तुलना करते हुए जीवन के हर क्षेत्र में एकजुट रहने का आह्वान किया।

इस मौके पर चिन्मय आश्रम, रांची के स्वामी परिपूर्णानंद सरस्वती ने कहा, हिंदू समाज को अपने अतीत को पहचानना होगा। समाज में बहुत सारे ऐसे लोग हैं जो हिंदू समाज में विभेद पैदा करने में लगे हैं। ऐसे लोगों से बचने की जरूरत है। उन्होंने परिवार में बच्चों को संस्कारवान और योग्य बनाने, परंपराओं जैसे तिलक-जनेऊ का गर्व से पालन करने तथा धन का सदुपयोग समाज-धर्म कार्यों में करने पर जोर दिया।अतिथि सत्कार और दान को सौभाग्य बताते हुए उन्होंने एकजुट समाज की अपील की। समापन राष्ट्रव्यापी भाव मैं रहूँ या न रहूँ, मेरा समाज रहे गीत के एवं भारत माता की आरती के साथ हुआ।

## भोजपुर में मोबाइल पर पत्नी से हुई तकरार तो पति ने निगल ली मौत की गोली, बेटे के सामने पिता ने तोड़ा दम

**भोजपुर।** जिले के सिकरहटा थाना क्षेत्र के कुरमुरी बाघा टोला गांव में रविवार की शाम अवैध संबंध को लेकर फोन पर पत्नी से झगड़ा के बाद पति ने जहर खा लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। इलाज के लिए आरा अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया।मृतक 42 वर्षीय सूर्य कुमार पासवान सिकरहटा थाना क्षेत्र के कुरमुरी बाघा टोला निवासी स्व. बदरी पासवान के पुत्र थे। इधर, मृतक के जीजा अशोक पासवान ने बताया कि सूर्य कुमार पासवान द्वारा बताया गया था कि उसकी पत्नी किसी बात करती है। उसने उसे फोन पर बात करते हुए सुना है। इस बात को लेकर एक माह पहले ही झगड़ा कर उसकी पत्नी मायके चली गई थी। उसके बाद वापस नहीं आई। रविवार को वह गांव में ही स्थित यादव टोला से मजदूरी कर घर आया और आने के क्रम में ही जहर खा लिया।

### बस्तर की महिला कमांडो

# माओवादी हिंसा के खिलाफ नई शक्ति और सुरक्षा की ढाल



**दंतेवाड़ा।** भोर का धुंधलका और बस्तर के ऊंचे साल वृक्षों की ओट.. इसी के बीच बिना आहट किए सुरक्षा बलों का एक दस्ता आगे बढ़ता है। हाथों में हथियार, पीठ पर किट, सतर्क निगाहें और अडिग संकल्प लिए। इस सैन्य अभियान का सबसे गौरवशाली हिस्सा हैं- इसमें शामिल महिला कमांडो। घर-आंगन की चौखट लांघकर ये महिलाएं आज माओवादी हिंसा के बीच सुरक्षाबलों की सबसे मजबूत ढाल बनकर सामने खड़ी हैं। दंतेवाड़ा में पदस्थ रहे पूर्व डीआइजी कमलोचन कश्यप कहते हैं कि माओवादियों के खिलाफ संघर्ष के शुरुआती वर्षों में सुरक्षाबलों के सामने कई व्यावहारिक चुनौतियां थीं। सर्च आपरेशन के दौरान संदिग्ध महिलाओं की तलाशी लेना, ग्रामीण महिलाओं से संवाद करना और गांवों के सामाजिक माहौल को समझने में अक्सर मुश्किल होती थी। माओवादी इस स्थिति का फायदा उठाकर महिला कैडरों को ढाल की तरह इस्तेमाल करते थे। इन्हीं चुनौतियों से निपटने के लिए सुरक्षाबलों ने महिला कमांडो की भर्ती की रणनीति बनाई। वर्ष 2006 में सीमित भूमिका के साथ पहली बार डीआरजी में महिला जवानों की भर्ती शुरू हुई। वर्ष 2016 के बाद विशेष प्रशिक्षण देकर उन्हें सक्रिय अभियानों में उतारा गया और 2018 के बाद उनकी भूमिका लगातार बढ़ती गई।

दंतेवाड़ा में दंतेश्वरी फाइटर्स, सुकमा में दुर्गा फाइटर्स और सीआरपीएफ की बस्तर फाइटर्स महिला कमांडों की विशेष इकाई है। बस्तर संभाग में 2,000 से अधिक महिला जवान विभिन्न सुरक्षाबलों में तैनात हैं। इनमें करीब 120 ऐसी महिलाएं भी हैं, जो कभी माओवादी संगठनों से जुड़ी थीं। आंकड़े बताते हैं पराक्रम की कहानी सुरक्षाबलों के अनुसार, पिछले सात-आठ वर्षों में महिला कमांडो 200 से अधिक मुठभेड़ों में शामिल रही हैं। इस दौरान 150 से अधिक माओवादियों को ढेर करने में भी इनकी महत्वपूर्ण भागीदारी रही है।इस बदलती कहानी की एक मिसाल सुंदरी इस्काम हैं। कभी माओवादियों के लिए बंदूक उठाने वाली सुंदरी आज दंतेश्वरी फाइटर्स की महिला कमांडो हैं। वह कहती हैं कि उनकी जिम्मेदारी सिर्फ माओवादियों के खिलाफ कार्रवाई तक सीमित नहीं है, बल्कि हम गांवों में लोगों की मदद भी करते हैं। जंगल के भीतर बसे गांवों में जब कोई बीमार होता है, तो दवा पहुंचाना, महिलाओं से बात करना और उन्हें सरकारी योजनाओं की जानकारी देना भी हमारा काम है।

### पल भर में खुशियां मातम में बदलीं

## वैशाली में साली की शादी में आए जीजा की करंट लगने से मौत, मचा कोहराम



**वैशाली।** पातेपुर थाना क्षेत्र के मालपुर गांव में एक शादी समारोह के दौरान करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। घटना के बाद शादी वाले घर में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर भेज दिया है।मिली जानकारी के अनुसार बहोरी महुआ निवासी रमेश चौधरी के पुत्र राजेश चौधरी अपने ससुराल मालपुर आए हुए थे। यहां उनके ससुर मनोज चौधरी के घर उनकी साली की शादी समारोह चल रहा था। शादी को लेकर काफी चहल-पहल और तैयारियां चल रही थीं।बताया गया है कि रविवार दोपहर में घर में अचानक शॉर्ट सर्किट हो गया। इसी दौरान किसी कार्य से वहां पहुंचे राजेश चौधरी करंट की चपेट में आ गए। करंट से वह जमीन पर गिर पड़े। लोगों ने आनन-फानन में उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन तब तक उनकी मौके पर ही मौत हो चुकी थी।घटना से शादी वाले घर की खुशियां पल भर में चीख-पुकार में बदल गईं। स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। बड़ी संख्या में आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई।बताया गया है कि राजेश चौधरी की शादी करीब दो वर्ष पहले हुई थी। वह अपनी साली की शादी में शामिल होने के लिए ससुराल आए हुए थे। किसी को अंदाजा भी नहीं था कि खुशी का यह अवसर इतनी बड़ी त्रासदी में बदल जाएगा।घटना की सूचना मिलते ही पातेपुर की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर भेज दिया। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुटी है।

# लुधियाना में शातिर चोरों ने गैस कटर से काटा एटीएम 7 लाख कैश लेकर हुए फरार

**लुधियाना, 9 मार्च [एजेंसी]।**

जालंधर बाईपास रोड पर स्थित एल्डिको के बाहर लगे आईसीआईसीआई बैंक के एटीएम को बीती रात चार शातिर चोरों ने निशाना बनाया। गैस कटर की मदद से एटीएम मशीन काटकर लगभग सात लाख रुपये की नकदी से भरी चार ट्रे लेकर फरार हो गए।स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी, जिसके बाद थाना सलेम टाबरी की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है।यह घटना रात करीब डेढ़ बजे से दो बजे के बीच हुई। लुटेरे पूरी तैयारी के साथ आए थे और उनके पास गैस कटर सहित अन्य औजार मौजूद थे। सुरक्षा के लिहाज से रात के समय एटीएम का शटर बंद रहता है, जिसका फायदा उठाते हुए बदमाशों ने पहले गैस कटर से शटर काटा और अंदर घुस गए।इसके बाद एटीएम मशीन को काटकर उसमें रखी नकदी की चार ट्रे निकाल लीं। अनुमान है कि इन ट्रे में करीब सात लाख रुपये की नकदी थी। घटना का पता सुबह उस समय चला जब स्थानीय लोग और एटीएम से जुड़े कर्मचारी मौके पर पहुंचे। अनिल कुमार ने बताया कि सुबह जब मौके पर पहुंचे तो एटीएम का शटर कटा हुआ था और अंदर मशीन के साथ छेड़छाड़ की गई थी।सूचना मिलते ही पुलिस की सीआईए और स्थानीय थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट्स को भी बुलाया गया है, ताकि कोई सुराग मिल सके। पुलिस एटीएम और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि वारदात में तीन से चार बदमाश शामिल हो सकते हैं। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। सूत्रों के अनुसार, एटीएम हर रोज रात के समय बंद रहता था। इसलिए लुटेरों ने पहले इसकी रेकी की थी। रात एक से सुबह पांच बजे



तक इलाका सुनसान हो जाता है, इसलिए लुटेरों ने डेढ़ से दो बजे के बीच का समय तय किया। वे अपनी कार में गैस कटर मशीन और अन्य हथियार लेकर आए थे, जिसकी मदद से वारदात को अंजाम दिया। पुलिस को कुछ सीसीटीवी फुटेज मिली हैं, जिसमें आरोपित वारदात करने से पहले और बाद में कैद हुए हैं। पुलिस अभी आरोपितों की लोकेशन खंगालने में लगी है।

# बाराबंकी में विवाद के बाद पहुंची पुलिस के लौटते ही खूनी संघर्ष, दबंगों ने घर में घुसकर अधेड़ को उतारा मौत के घाट



**बाराबंकी।** मारपीट व विवाद के मामले में जांच करने आई पुलिस के लौटते ही विपक्षियों ने घर पर धावा बोल दिया था। दूसरे पक्ष के व्यक्ति को इतना पीटा कि उसकी मौत हो गई। मृतक मौजूदा त्रिवेदीगंज ब्लॉक प्रमुख का रिश्तेदार बताया जाता है।लोनीकटरा के भोला का पुरवा निवासी मोहन व रामू, रामदेव के बीच चार मार्च को होली खेलने के दौरान विवाद हो गया था। मोहन ने अपने साथ हुई मारपीट की शिकायत पुलिस से की थी। सुबह गांव आई पुलिस ने मामले में जांच कर लौट गई। रामदेव का बेटा विनीत का आरोप है कि पुलिस के जाने के बाद विपक्षी मोहन, दीपू, जीवन, मायाराम, मनोज, अंकुल व अमर सिंह ने घर पर हमला बोल दिया। पिता को पीटकर घायल कर दिया, वह बेहोश हो गए, उस समय पर घर पर महिलाएं ही थीं।गंभीर रूप से घायल रामदेव को परिवारजन ने सीएचसी त्रिवेदीगंज पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने उनको मृत घोषित कर दिया। हैदरगढ़ क्षेत्राधिकारी समीर सिंह ने परिवारजन से घटना के संबंध में जानकारी लेकर बयान दर्ज किए। थानाध्यक्ष अभय कुमार मौर्य का कहना है कि प्रारंभिक जांच में शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण साफ होगा।

# मुझे अपने पिता पर गर्व है, सीएम नीतीश के बेटे निशांत कुमार जेडीयू में शामिल, कहा- पार्टी को मजबूत करूंगा

**पटना, 09 मार्च [एजेंसी]।**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार ने जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) में शामिल हो गए हैं। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं का आभार जताया और अभिनंदन किया। निशांत कुमार ने अपने पिता Nitish Kumar के राज्यसभा जाने के फैसले का स्वागत किया और कहा कि मैं इस उनके इस निर्णय को स्वीकार करता हूं। निशांत ने कहा, मैं सक्रिय सदस्य के रूप में पार्टी को आगे बढ़ाने का काम करूंगा। पिताजी (नीतीश कुमार) ने जो 20 साल में काम किया है, उसे जन-जन तक पहुंचाने का काम करूंगा। मुझे अपने पिता पर गर्व है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वह नीतीश कुमार पर विश्वास और अपना मनोबल बनाए रखें। इस कदम से बिहार की राजनीतिक गलियारों में चर्चा तेज हो गई है। ऐसी संभावना है कि Nishant Kumar को पार्टी के भीतर कोई महत्वपूर्ण पद या बड़ी जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। यह घटनाक्रम बिहार की राजनीति में एक नया मोड़ ला सकता है, जिससे जेडीयू में उनकी भूमिका अहम होगी। दरअसल, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्यसभा जाने का फैसला किया है। इसके लिए उन्होंने पर्चा भी दाखिल कर दिया है। वह अप्रैल तक मुख्यमंत्री का पद छोड़ सकते हैं। नीतीश कुमार के इस फैसले के बाद अब पार्टी कार्यकर्ताओं की डिमांड को पूरा करना जरूरी हो गया था। ऐसे में निशांत कुमार की पॉलिटकल एंट्री कराई गई।




पार्टी में ज्वाइनिंग के वक्त जदयू के तमाम बड़े नेता मौजूद रहे। पार्टी ज्वाइन करने के बाद अब निशांत कुमार पूरे बिहार का भ्रमण करेंगे। राजनीतिक गलियारों में यह भी चर्चा है कि निशांत कुमार को बिहार का डिप्टी सीएम बनाया जाएगा, जिससे नीतीश कुमार की कमी को पूरा किया जा सके। इसके साथ ही उन्हें भविष्य के लिए तैयार किया जा सके।

# घरेलू विवाद में हैवान बना पति... कुल्हाड़ी से वार कर की पत्नी की हत्या, लखनऊ में हुई खौफनाक वारदात

**लखनऊ, 09 मार्च [एजेंसी]।**

निगोहां के शेखन खेड़ा गांव में रविवार रात घरेलू विवाद के चलते एक मजदूर ने अपनी पत्नी की कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी पति मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी।पुलिस के मुताबिक शेखन खेड़ा गांव में ससुराल में रह रहे मजदूर राजेश रावत ने रविवार रात अपनी पत्नी राजेश्वरी पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल महिला की मौके पर ही मौत हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी पति फरार हो गया। बताया जा रहा है कि राजेश रावत मूल रूप से नगराम थाना क्षेत्र के अकरहदू गांव का रहने वाला है और कई वर्षों से अपनी ससुराल शेखन खेड़ा में ही रह रहा था। दंपति के पांच बच्चे हैं।घटना के समय बड़ा बेटा गुलशन समेत अन्य बच्चे पड़ोस में बलराम के बेटे के पैपूंजी कार्यक्रम में गए हुए थे। इसी दौरान घर में पति-पत्नी के बीच विवाद हो गया और गुस्से में आकर राजेश ने पत्नी पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया।



हमले में महिला की मौत हो गई और आरोपी मौके से फरार हो गया। कुछ देर बाद जब बड़ा बेटा गुलशन घर लौटा तो उसने कमरे में चारपाई पर मां को खून से लथपथ पड़ा देखा। यह दृश्य देखकर उसने शोर मचाया। शोर सुनकर अन्य बेटे और ग्रामीण मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक आरोपी फरार हो चुका था।

ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी।घटना की सूचना के बाद एसओ निगोहां अनुज तिवारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और फरार आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। बड़े बेटे गुलशन ने बताया कि उसके पिता राजेश शराब पीने के आदी थे और पैतृक गांव में भी अक्सर नशे में झगड़ा करते थे। इसी से तंग आकर उसकी मां ने पैतृक जमीन बिकवाकर कुछ वर्ष पूर्व शेखन खेड़ा में घर बनवाकर रहना शुरू किया था, लेकिन यहां भी पिता की आदत नहीं बदली और वह अक्सर शराब पीकर घर में झगड़ा करते थे।

# नाशपाती से बनाए जा सकते हैं ये 5 स्वादिष्ट भारतीय व्यंजन, सभी को आएंगे पसंद



नाशपाती एक स्वादिष्ट फल है, जो थोड़ा खट्टा-मीठा होता है। यह न केवल स्वाद में बेहतरीन है, बल्कि सेहत के लिए भी फायदेमंद है। इसमें कई जरूरी पोषक तत्व होते हैं, जो शरीर के लिए अच्छे होते हैं। आमतौर पर इसे कच्चा खाया जाता है, लेकिन इससे कई तरह के अनोखे भारतीय पकवान भी बनाए जा सकते हैं। आइए आज हम आपको नाशपाती से बनाए जाने वाले कुछ खास व्यंजनों की रेसिपी बताते हैं, जिनका स्वाद आपको जरूर पसंद आएगा।

नाशपाती का हलवा

नाशपाती का हलवा एक खास और स्वादिष्ट मिठाई है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले नाशपाती को कद्दूकस कर लें, फिर इसे घी में भूनें। अब इसमें दूध, चीनी और इलायची पाउडर मिलाएं और पकने दें, जब तक कि मिश्रण गाढ़ा न हो जाए। अंत में इसमें सूखे मेवे डालकर सजाएं। यह हलवा न केवल स्वादिष्ट है, बल्कि सेहत के लिए भी फायदेमंद है। इसे आप खास मौकों पर बना सकते हैं।

नाशपाती की चटनी

नाशपाती की चटनी एक बेहतरीन संगत है, जो आपके खाने का स्वाद बढ़ा सकती है। इसे बनाने के लिए पकी हुई नाशपाती को मैश करें और उसमें हरी मिर्च, अदरक, नमक और गुड़ मिलाएं। इस मिश्रण को अच्छे से पीस लें, ताकि सभी मसाले आपस में मिल जाएं। यह चटनी रोटी या पराठे के साथ बहुत अच्छी लगती है। इसका खट्टा-मीठा स्वाद आपके खाने को खास बना सकता है और इसे आप किसी भी भोजन के साथ परोस सकते हैं।

नाशपाती का रायता

गर्मियों में ठंडा-ठंडा रायता खाना किसे पसंद नहीं होता? अगर आप कुछ नया आजमाना चाहते हैं तो नाशपाती का रायता जरूर बनाएं।

इसके लिए पकी हुई नाशपाती को मैश करके दही में मिलाएं, फिर उसमें भुना जीरा, नमक और थोड़ा-सा कटा हुआ पुदीना डालें। यह रायता खाने में बहुत ही ताजगी भरा और स्वादिष्ट है। इसे आप किसी भी मुख्य भोजन के साथ परोस सकते हैं और इसका स्वाद आपके खाने को और भी खास बना देगा।

नाशपाती की सब्जी

नाशपाती की सब्जी एक अनोखा व्यंजन है, जिसे आप अपने घर में आसानी से बना सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले प्याज, टमाटर और अदरक-लहसुन का पेस्ट भूनें, फिर उसमें मसाले डालकर पकाएं।

अब इसमें कटी हुई नाशपाती डालें और थोड़ी देर पकने दें, ताकि सारे मसाले अच्छे से मिल जाएं। अंत में हरा धनिया डालकर सजाएं। यह सब्जी रोटी या चावल, दोनों के साथ अच्छी लगती है और इसका स्वाद बहुत ही खास है।

नाशपाती की खीर

खीर तो आपने कई बार बनाई होगी, लेकिन क्या आपने कभी नाशपाती की खीर ट्राई की है? इसके लिए सबसे पहले दूध उबालें, फिर उसमें चीनी डालें और गाढ़ा होने तक पकने दें। अब इसमें कटी हुई नाशपाती डालें और थोड़ी देर पकने दें, ताकि फल का स्वाद दूध में अच्छे से मिल जाए। अंत में इलायची पाउडर डालकर सजाएं और ठंडा करके परोसें। यह खीर खाने में बहुत ही स्वादिष्ट और पौष्टिक है।



## आलिया भट्ट ने लव एंड वॉर पर दिया अपडेट, बोलीं- आभारी हूं कि ये मौका मिला

अभिनेत्री आलिया भट्ट अपनी आगामी फिल्म लव एंड वॉर की शूटिंग में व्यस्त चल रही हैं। संजय लीला भंसाली के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में रणबीर कपूर और विक्की कौशल भी मुख्य किरदारों में हैं। हाल ही में, एक कार्यक्रम के दौरान आलिया ने फिल्म को लेकर बात की और उससे जुड़ा एक अपडेट साझा किया। आलिया ने भंसाली संग करने के अनुभव पर भी बात की और इस सफर को जादुई बताते हुए आभार व्यक्त किया। आलिया ने मिलान फैशन वीक में अपनी उपस्थिति से खूब चर्चा बटोरी। इस दौरान अभिनेत्री ने अपनी वर्तमान की परियोजना के बारे में खुलासा किया। उन्होंने कहा, मैं फिलहाल लव एंड वॉर नाम की एक फिल्म पर काम कर रही हूं। इसका निर्देशन संजय लीला भंसाली कर रहे हैं। शूटिंग लगभग पूरी हो चुकी है। यह एक बेहद जादुई अनुभव रहा है। लव एंड वॉर बॉलीवुड की सबसे चर्चित आगामी परियोजनाओं में से एक है।

भंसाली के साथ दोबारा जुड़ने पर आलिया ने कहा, संजय सर के साथ काम करना जीवन में एक बार मिलने वाला अनुभव है और मैं बहुत आभारी हूं कि मुझे यह मौका मिला। दरअसल, फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी के बाद यह दूसरा मौका है, जब आलिया को दोबारा भंसाली की फिल्म में जुड़ने का मौका मिला है। पहले यह फिल्म 2026 में रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब इसे 2027 तक के लिए खिसका दिया गया है।

## विजय-रश्मिका की राणाबली का गाना ओ मेरे साजन हुआ रिलीज, रोमांस करता नजर आया न्यूली वेड कपल

विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना के प्रशंसकों के लिए दोहरी खुशी का मौका है। इस जोड़ी ने असल जिंदगी में शादी के बंधन में बंधकर अपने नए सफर की शुरुआत कर दी है। अब इस मौके पर उनकी आगामी फिल्म राणाबाली के निर्माताओं ने एक बड़ा सरप्राइज देते हुए फिल्म का रोमांटिक गाना ओ मेरे साजन रिलीज कर दिया है। वीडियो न केवल फिल्म का हिस्सा है, बल्कि विजय-रश्मिका के नए वैवाहिक जीवन के लिए एक खूबसूरत तोहफा भी है।

ओ मेरे साजन रश्मिका (जायम्मा) और विजय (राणाबाली) के किरदारों की शादी की तैयारियों से शुरू होता है। पारंपरिक शादी के लिबास में सजे विजय और रश्मिका की घर में भव्य एंट्री दिखाई गई है, जो बेहद राजसी लगती है। वीडियो में उनके वैवाहिक जीवन की छोटी-छोटी झलकियां और प्यार भरे पलों को खूबसूरती से पिरोया गया है। अंत में मैत्री मूवी मेकर्स ने रश्मिका और विजय को खुशहाल शादीशुदा जीवन की बधाई दी है।

7 साल के लंबे इंतजार के बाद रश्मिका और विजय की पसंदीदा जोड़ी बड़े पर्दे पर वापसी कर रही है। दोनों ने आखिरी बार साल 2019 में आई ब्लॉकबस्टर फिल्म डियर कॉमरेड में एक साथ स्क्रीन शेयर की थी। इससे पहले 2018 में उनकी फिल्म गीता गोविंदम ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाया था। राणाबाली सितंबर 2026 में रिलीज होने वाली है, जिससे सामने आई रश्मिका और विजय की पहली झलक ने फैंस का उत्साह और बढ़ा दिया है।

इस फिल्म का निर्देशन राहुल सांकृत्यान ने किया है. इसकी कहानी 19वीं सदी के भारत में घटी है और यह 1854 से 1878 के बीच हुई वास्तविक ऐतिहासिक घटनाओं से प्रेरित है. विजय ने शक्तिशाली राणाबली का किरदार निभाया है, जबकि रश्मिका ने जयम्मा की भूमिका निभाई है. हॉलीवुड अभिनेता अर्नोल्ड वोस्लू खलनायक सर थियोडोर हेक्टर के रूप में नजर आते हैं. विजय ने इससे पहले फिल्म का फर्स्ट लुक साझा करते हुए लिखा था, अंग्रेजों ने उन्हें जंगली कहा था, मैं इससे असहमत नहीं हूं, वह हमारा जंगली था! यह फिल्म ब्रिटिश शासन के अधीन लोगों के संघर्षों को दर्शाती है और इसमें सशक्त भावनाएं और एक्शन देखने को मिलते हैं.

दिलचस्प बात यह है कि विजय और रश्मिका पहले भी गीता गोविंदम और डियर कॉमरेड जैसी हिट फिल्मों में साथ काम कर चुके हैं. लेकिन इस बार उत्साह और भी अधिक है क्योंकि वे अब वास्तविक जीवन में पति-पत्नी हैं.



## गर्मियों में हीट स्ट्रोक से सुरक्षित रहने के लिए अपनाएं ये 5 तरीके



गर्मी के मौसम में हीट स्ट्रोक की समस्या बढ़ जाती है। यह तब होता है जब शरीर का तापमान 104 डिग्री फारेनहाइट (40 डिग्री सेल्सियस) से ऊपर चला जाता है। इससे शरीर के आंतरिक अंगों को नुकसान पहुंच सकता है। हीट स्ट्रोक अधिक समय तक धूप में रहने, शरीर में पानी की कमी और शारीरिक गतिविधियों के कारण हो सकता है। आइए आज हम आपको कुछ ऐसे तरीके बताते हैं, जिन्हें अपनाकर हीट स्ट्रोक से सुरक्षित रह सकते हैं।

घर से बाहर निकलें तो पहनें ढीले-ढाले कपड़े- गर्मियों में घर से बाहर निकलते समय ढीले और हल्के रंग के कपड़े पहनें। यह कपड़े न केवल आरामदायक होते हैं बल्कि सूरज की किरणों को भी वापस लौटाते हैं, जिससे आप ठंडा महसूस कर सकते हैं। सूती कपड़े सबसे अच्छे होते हैं क्योंकि वे त्वचा को हवा लगने देते हैं और पसीना सोख लेते हैं। इसके अलावा ढीले कपड़े पहनने से शरीर का तापमान नियंत्रित रहता है और हीट स्ट्रोक का खतरा कम होता है।

घर से बाहर निकलने से पहले पानी पिएं

अगर आप घर से बाहर निकलने वाले हैं तो उससे पहले एक या दो गिलास पानी जरूर पी लें। इससे शरीर में पानी की कमी नहीं होगी और हीट स्ट्रोक का खतरा कम होगा। कोशिश करें कि घर से बाहर निकलने से पहले नारियल पानी या छाछ जैसे पेय भी पी लें। इन पेय से शरीर को जरूरी तत्व मिलते हैं, जो पसीने के कारण खो जाते हैं और शरीर का तापमान नियंत्रित रहता है।

अधिक समय तक धूप में न रहें

अगर आप किसी कारणवश घर से बाहर निकल रहे हैं तो धूप में अधिक समय तक रहने से बचें। बेहतर होगा कि आप सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे के बीच घर से बाहर न निकलें क्योंकि इस दौरान सूरज की किरणें सबसे तेज होती हैं। अगर किसी कारणवश आपको इस समय के बीच घर से बाहर निकलना पड़ रहा है तो अपने साथ पानी की बोतल जरूर रखें और समय-समय पर उसका सेवन करते रहें।

बाहर निकलते समय सिर को ढक लें

अगर आप किसी कारणवश घर से बाहर निकल रहे हैं तो अपने सिर को किसी टोपी या दुपट्टे से ढक लें। यह आपके सिर को धूप के सीधे संपर्क में आने से बचा सकता है और आपको ठंडा रख सकता है। इसके अतिरिक्त आप चाहें तो धूप से बचने के लिए त्वचा की सुरक्षा के लिए लोशन का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे भी आपको धूप के दुष्प्रभावों से काफी हद तक राहत मिल सकती है।

हीट स्ट्रोक के लक्षणों पर दें ध्यान

हीट स्ट्रोक के लक्षणों पर नजर रखना जरूरी है ताकि समय रहते इलाज किया जा सके। हीट स्ट्रोक के लक्षणों में सिरदर्द, चक्कर आना, उल्टी, तेज धड़कन, सांस लेने में कठिनाई और भ्रम शामिल हैं। अगर आपको ये लक्षण दिखें तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें या फिर नजदीकी अस्पताल जाएं। इन तरीकों को अपनाकर आप गर्मियों में हीट स्ट्रोक से सुरक्षित रह सकते हैं।

### मालामाल वीकली 2 के साथ लौटेगी रितेश देशमुख, परेश-राजपाल की तिकड़ी?



रितेश देशमुख, परेश रावल और राजपाल यादव की फिल्म मालामाल वीकली साल 2006 में रिलीज हुई थी। ताजा जानकारी में पता चला है कि इसकी दूसरी किस्त लाने की तैयारी चल रही है। जाहिर है कि हेरा फेरी, भागम भाग और खोसला का घोसला जैसी कल्ट फिल्मों का सीक्वल आने के लिए तैयार है। ऐसे में, 20 साल पहले आई मालामाल वीकली की दूसरी किस्त आना फैंस के लिए किसी बड़े तोहफे से कम साबित नहीं होगा।

## फिल्म डकैत का पहला गाना रूबरू जारी, अदिवि शेष और मृणाल ठाकुर की मासूम प्रेम कहानी ने छुआ दिल



मृणाल ठाकुर और आदिवी शेष की आगामी फिल्म डकैत- एक प्रेम कथा लंबे समय से चर्चा में है। पहले इसे मार्च, 2026 में रिलीज किया जाना था, लेकिन अब फिल्म 10 अप्रैल को सिनेमाघरों का रुख करेगी। इस बीच, लोगों की उत्सुकता को बढ़ाने के लिए निर्माताओं ने पहला गाना रूबरू जारी कर दिया है। गाने को हिंदी और तेलुगु भाषाओं के साथ डब किया गया है, जो सोनी म्यूजिक के यूट्यूब चैनल पर उपलब्ध हो चुका है। रूबरू को फहीम अब्दुल्लाह ने आवाज दी है। इसमें उनका साथ चिन्मयी श्रीपदा ने दिया है। गाने का संगीत भीम्स सेसिरोलियो ने तैयार किया है, जबकि बोल रितेश रजवाड़ा ने लिखे हैं। बता दें, फिल्म डकैत का निर्देशन शेनिल देव ने किया है। इसकी कहानी प्यार, धोखे और बदले के इर्द-गिर्द घूमती है। प्रकाश राज और अतुल कुलकर्णी भी फिल्म में प्रमुख किरदारों में दिखाई देंगे। इस पैन-इंडिया फिल्म को हिंदी और तेलुगु में एक साथ शूट किया गया है। 'रूबरू' को गाने के बारे में बात करते हुए फहीम अब्दुल्ला ने कहा, जब मैं 'रूबरू' रिकॉर्ड कर रहा था, तो मुझे ऐसा लगा जैसे मैं किसी के प्यार की सबसे नाजुक याद में कदम रख रहा हूँ उसी की शुरुआत में। इस धुन में एक कोमलता है, लेकिन साथ ही एक गहराई भी है जो लंबे समय तक महसूस होती रहती है। मुझे लगता है कि श्रोता इस भावना को सच में महसूस करेंगे। गायिका चिन्मयी श्रीपादा ने कहा, रूबरू में एक शांत गहराई है, जिससे मैं तुरंत जुड़ गई। इसे दो भाषाओं में रिकॉर्ड करना सिर्फ़ शब्दों का सम्मान करना नहीं था।

## 'आश्रम' की पम्मी पहलवान लगीं साड़ी में बला की खूबसूरत, अदिति पोहनकर साड़ी में ढाती हैं कहर, ये अदाएं जीत लेंगी दिल



बाबा निराला से पंगा लेने वाली पम्मी पहलवान साड़ी में कहर ढाती हैं. जी हां हम बात कर रहे है आश्रम वेब सीरीज़ की पम्मी पहलवान एक्ट्रेस अदिति पोहनकर की. जो अपनी ग्लैमरस और स्टाइलिश साड़ी लुक्स के लिए जानी जाती हैं. जो अक्सर ट्रेडिशनल और मॉडर्न टच का मेल होती हैं. जिनमें उनके डिज़ाइनर ब्लाउज और अलग-अलग साड़ी स्टाइल बहुत पसंद किए जाते हैं, और उनके ये लुक्स अक्सर सोशल मीडिया और एंटरटेनमेंट साइट्स पर सुर्खियां बटोरते हैं. पम्मी पहलवान का किरदार अदिति पोहनकर निभाती हैं, जो बाबा निराला से लोहा लेती हैं. अपनी मजबूती के साथ-साथ खूबसूरती के लिए भी मशहूर हैं. वह साड़ी में बेहद खूबसूरत लगती हैं और उनके ब्लाउज के डिज़ाइन काफी ट्रेंड करते हैं. उनकी फोटोज और साड़ी लुक्स अक्सर वायरल होते हैं और फैंस उन्हें कॉपी करना पसंद करते हैं.

## शब्द सामर्थ्य -334

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**

1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**

1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुसब्वात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नजदीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सबेरा।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 333 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | | प | स | | |
| जा | त | | थ | प | थ | पा | ना | |
| य | र | का | नी | | भ्र | | र | श्मि |
| ब | घा | र | | क | ष्ट | प्र | द | |
| | त | ना | त | नी | | र्व | | ख |
| अ | | मा | | ज | मा | त | | ल |
| स | जा | | | | | क | ज | रा |
| बा | | बे | स | हा | रा | | ग | म |
| ब | गु | ला | | रा | ज | दू | त | |

गृह मंत्री से इस्तीफे की मांग

# नशे के कारोबार को मिल रहा सत्ता का संरक्षण




**कोरिया बैकुंठपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी कोरिया द्वारा राजीव भवन स्थित कांग्रेस कार्यालय में जिला स्तरीय पत्रकारवार्ता आयोजित की गई। पत्रकारवार्ता में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने संबोधित करते उन्होंने कहा कि दुर्ग जिले के समोदा गांव में एक फार्महाउस के अंदर लगभग 10 एकड़ में अफीम की खेती के कथित खुलासे को गंभीर बताते हुए भाजपा सरकार पर नशे के कारोबार को संरक्षण देने का आरोप लगाया। यह अफीम की खेती भाजपा से जुड़े एक नेता द्वारा कराए जाने की जानकारी सामने आई है,जो पूर्व में किसान मोर्चा में पदाधिकारी रह चुका है और वर्तमान में भाजपा के एक प्रकल्प में प्रदेश स्तर पर जिम्मेदारी निभा रहा है। कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा के कई बड़े नेताओं के साथ उसकी तस्वीरें भी सार्वजनिक रूप से उपलब्ध हैं,जिससे उसके राजनीतिक संबंध स्पष्ट होते हैं।

पीसीसी सदस्य योगेश शुक्ला ने कहा कि बिना सत्ता के संरक्षण के इतनी बड़ी मात्रा में खुलेआम अफीम की खेती संभव नहीं है। भाजपा सरकार के कार्यकाल में प्रदेश में जुआ, सट्टा, शराब तस्करी और नशे का कारोबार तेजी से बढ़ा है और इसके कारण युवा पीढ़ी नशे की गिरफ्त में जा रही है। पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस कमेटी कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल ने कहा कि प्रदेश में अवैध नशीले पदार्थों की तस्करी और बिक्री के मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है तथा पिछले महीनों में नारकोटिक्स से जुड़े हजारों प्रकरण सामने आए हैं। इसके बावजूद सरकार और प्रशासन इस पर प्रभावी कार्रवाई करने में विफल साबित हो रहे हैं। कांग्रेस ने इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कहा कि घटना की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए गृह मंत्री को इस्तीफा देना चाहिए तथा प्रदेश में बढ़ते नशे के कारोबार पर तत्काल सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता,पूर्व जिला अध्यक्ष नजीर अजहर,पीसीसी सदस्य योगेश शुक्ला,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस कमेटी कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल, उपाध्यक्ष प्रवीर भट्टाचार्य, हेमसागर यादव, बिहारी लाल राजवाड़े, भूपेंद्र यादव, आशीष यादव,कृष्ण कुमार राजवाड़े, अनिल जायसवाल,यूसुफ इराकी,आशीष डबरे, दीपक गुप्ता, राजीव गुप्ता, धीरज शिवहरे,जाग्रत कुर्रे, रियाजउद्दीन,एजाज़ गुड्डू,एस एन मोदी,रामाधार टोप्पो संजोती मरकाम,अन्नपूर्णा सिंह,चांदनी सोनी एवं अनेकों कांग्रेसजन भारी संख्या में उपस्थित रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर किया गया रक्तदान

जागृति महिला मंडल ने रक्तदान कार्यक्रम किया आयोजित



**कोरिया पटना।** 8 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस में जागृति महिला मंडल के तत्वाधान में रक्तदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिलाओं के इस संगठन ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस में रक्तदान महादान को अपना थीम चुना। साथ ही इस दिन को अपने अनोखे सोच से समाज को यह संदेश दिया की हम ऐसे आयोजन से रक्त के जरूरतमंदों मरीजो की मदद कर सकते है । इस महिला संगठन ने रक्तदान महादान के वाक्यों को बढावा देते हुए लोगो को सामुदायिक स्वास्थ केंद्र पटना में रक्तदान करने के लिए प्रोत्साहित किया।

जागृति महिला मंडल ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस में रक्तदान करके और लोगो को प्रोत्साहित किया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बीएन झा महाप्रबंधक एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र, भाजपा जिलाध्यक्ष कोरिया देवेंद्र तिवारी, पटना नगर पंचायत अध्यक्ष गायत्री सिंह, पूर्व जिला उपाध्यक्ष रविशंकर शर्मा, योगेन्द्र मिश्रा को पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत सम्मान किया। इसके बाद अतिथियों द्वारा गणेश प्रतीमा पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इस आयोजन को सफल बनाने में मंच का संचालन विनोद शर्मा ने किया साथ ही जागृति महिला मंडल की अध्यक्ष मीरा सोनी ने कहा की 8 मार्च को हर साल अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है, जो दुनिया भर महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक योगदान और उपलब्धियों को दिखाता है। समाज में पुरुष महिला में समानता के लिए उनके संघर्ष को याद करने का दिन है, यह दिन महिलाओं के अधिकारों और सशक्तिकरण के लिए समर्पित है। इसलिए हमने अपने पुरे टीम के साथ इस आयोजन को समाज में एक सकारात्मक सोच लाने के लिए इस आयोजन को रक्तदान करके मानाने का विचार किया। कार्यकर्म को सफल बनाने में प्रमीला शर्मा, नीलम पाण्डेय, समीक्षा गुप्ता, वंदना शर्मा, उषा सिंह, उषा धनोरिया, पुष्पा सिंह, उर्मिला जासवाल, पूनम सोनी, स्मिता कुशवाहा,रेणु मंडल,रश्मि तिवारी, चांदनी सोनी ने अपना योगदान दिया। इन रक्तदानदाताओ ने किया रक्तदान, व्यवसायी ओमप्रकाश सोनी, रुपेश सोनी, प्रतीक अग्रवाल, आयुष सोनी, शिक्षक आशीष जायसवाल, जीतू साहू के साथ राजकुमार यादव,भोलू यादव ने रक्तदान किया।

## एलपीजी सिलेंडर के दाम बढ़ने से गरीब और मध्यम वर्ग पर बढ़ा आर्थिक बोझ



**कोरिया।** घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में 60 रुपये तथा कॉमर्शियल सिलेंडर में 115 रुपये की बढ़ोतरी के विरोध में आज जिला कांग्रेस कमेटी कोरिया द्वारा कुमार चौक में विरोध प्रदर्शन करते हुए देश के प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया गया। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने कहा कि केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण महंगाई लगातार बढ़ रही है,जिससे आम जनता विशेषकर गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों पर भारी आर्थिक बोझ पड़ रहा है। रसोई गैस आम जनता की दैनिक आवश्यकता है, लेकिन बार-बार कीमतों में वृद्धि से लोगों को गंभीर आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसजनों ने बढ़ी हुई गैस कीमतों को तत्काल वापस लेने की मांग करते हुए केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि महंगाई पर नियंत्रण करने में केंद्र सरकार पूरी तरह विफल साबित हो रही है और आम जनता को राहत देने के बजाय लगातार महंगाई का बोझ बढ़ाया जा रहा है। कांग्रेस ने चेतावनी दी कि यदि गैस सिलेंडर की बढ़ी हुई कीमतों को वापस नहीं लिया गया तो पार्टी आगे भी जनहित में आंदोलन जारी रहेगा। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता,पूर्व जिला अध्यक्ष नजीर अजहर,पीसीसी सदस्य योगेश शुक्ला, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस कमेटी कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल,उपाध्यक्ष प्रवीर भट्टाचार्य,हेमसागर यादव,बिहारी लाल राजवाड़े,भूपेंद्र यादव,आशीष यादव,कृष्ण राजवाड़े,अनिल जायसवाल,यूसुफ इराकी,आशीष डबरे,दीपक गुप्ता,राजीव गुप्ता, धीरज शिवहरे,जाग्रत कुर्रे, रियाजउद्दीन, एजाज़ गुड्डू,एस एन मोदी,रामाधार टोप्पो,संजोती मरकाम,अन्नपूर्णा सिंह,चांदनी सोनी एवं अनेकों कांग्रेसजन भारी संख्या में उपस्थित रहे।

## एक हजार की बचत से बदली किस्मत- निर्जला ने खरीदी रीपर मशीन, अब बन रहीं आत्मनिर्भर



**कोरिया बैकुंठपुर।** छोटे-छोटे प्रयास और मजबूत इरादे बड़े बदलाव की कहानी लिख देते हैं। कोरिया जिला के ग्राम कसरा की रहने वाली 37 वर्षीय श्रीमती निर्जला साहू ने भी कुछ ऐसा ही कर दिखाया है। दो बेटों की मां और स्नातकोत्तर शिक्षित निर्जला ने छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी 'महतारी वंदन योजना' से मिलने वाली हर माह की एक हजार रुपये की राशि को बचाकर अपनी आर्थिक स्थिति बदलने की शुरुआत की। निर्जला बताती हैं कि उन्होंने पूरे साल की 12 हजार रुपये की राशि बचाई और बैंक से 80 हजार रुपये ऋण लेकर रीपर मशीन खरीद ली। यह मशीन धान और गेहूं की कटाई में काम आती है। अब वह इस मशीन को किसानों को प्रति घंटे 600 रुपये किराए पर देती हैं। मौसम के दौरान कई बार एक दिन में 4 से 5 घंटे तक मशीन चलती है, जिससे उन्हें दो से तीन हजार रुपये तक की कमाई हो जाती है। एक माह में उन्होंने करीब 36 हजार रुपये से अधिक की आय अर्जित की, जबकि एक सीजन में लगभग 65 हजार रुपये तक का लाभ प्राप्त हुआ। निर्जला ने बताया कि महतारी वंदन योजना के दूसरे वर्ष की 12 हजार रुपये की राशि भी उन्होंने बैंक में जमा कर ली है। बैंक से लिए गए ऋण की करीब 4 हजार रुपये की मासिक किस्त भी वह नियमित रूप से चुका रही हैं। परिवार का साथ भी उनकी सफलता की बड़ी ताकत है। उनके पति, सास और ससुर उन्हें हर कदम पर सहयोग देते हैं। उनका बड़ा बेटा जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 8वीं में पढ़ रहा है, जबकि छोटा बेटा स्वामी आत्मानंद स्कूल में कक्षा 4वीं का छात्र है। निर्जला कहती हैं कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की पहल से शुरू हुई महतारी वंदन योजना महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर दे रही है। उनका मानना है कि लोग अक्सर कहते हैं कि एक हजार रुपये से क्या होगा, लेकिन अगर बचत की सोच और आगे बढ़ने का जज्बा हो तो यही छोटी पूंजी बड़े सपनों को साकार कर सकती है। कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने कहा कि निर्जला की कहानी यह साबित करती है कि सही योजना, मेहनत और संकल्प के साथ महिलाएं न सिर्फ अपने परिवार बल्कि पूरे समाज के लिए प्रेरणा बन सकती हैं।

भाजपा ने घोषित किये मंडल प्रशिक्षण वर्ग प्रभारी

## पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के तहत संगठन को मजबूत करने की तैयारी



**मनेन्द्रगढ़।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न मंडलों के लिये प्रशिक्षण वर्ग प्रभारियों की घोषणा की गई है। एमसीबी भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती चंपा देवी पावले द्वारा जारी आदेश के अनुसार अलग-अलग मंडलों में प्रशिक्षण कार्यक्रमों के संचालन के लिये कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जारी सूची के अनुसार जनकपुर मंडल में आशीष मजूमदार और हीरालाल यादव को वर्ग प्रभारी बनाया गया है। कोटाडोल मंडल में श्रीमती गौरी सिंह और पवन शुक्ला जबकि कुंवारपुर मंडल में जमुना पांडेय और फलेन्द्र चेरवा को जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरह केल्हारी मंडल में संजय राय और आनंद गुप्ता, नागपुर मंडल में श्रीमती सरोज यादव और रामचरित द्विवेदी तथा हसदेव मंडल में आशीष सिंह और श्रीमती प्रवीण सिंह को प्रशिक्षण वर्ग का प्रभारी नियुक्त किया गया है। मनेन्द्रगढ़ मण्डल में राजकुमार वधावन और अरविंद अग्रवाल, चिरमिरी मंडल में रामलाल साहू और मनोज जैन वहीं खड़गवां मंडल में द्वारिका जायसवाल और श्रीमती सोनमती उरे को वर्ग प्रभारी बनाया गया है। जिला अध्यक्ष श्रीमती चंपा देवी पावले ने बताया कि इस प्रशिक्षण महाअभियान के माध्यम से पार्टी कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा, नीतियों और कार्यपद्धति की विस्तृत जानकारी दी जायेगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक रूप से और अधिक सशक्त बनाना है ताकि वे समाज और राष्ट्रहित में प्रभावी भूमिका निभा सकें। उन्होंने सभी नियुक्त प्रभारियों से अपेक्षा की है कि वे अपने-अपने मंडलों में प्रशिक्षण कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक आयोजित कर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

## गांजा तस्कर गिरफ्तार

**रायपुर।** पुलिस ने गांजा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए महिला सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 6.140 किलोग्राम गांजा और तस्करी में प्रयुक्त एक्टिवा वाहन जब्त किया गया है।

## रामानुजगंज में मधुमक्खियों का हमला: पंचायत सचिव, कांग्रेस नेता सहित कई घायल

**रामानुजगंज।** नगर में एक बार फिर मधुमक्खियों के हमले से अफरा-तफरी मच गई। शनिवार शाम करीब 4 बजे अस्पताल के पास अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने कई लोगों पर हमला कर दिया, जिसमें पंचायत सचिव, कांग्रेस नेता सहित 8 से अधिक लोग घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज रामानुजगंज के 100 बिस्तर वाले अस्पताल में चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पंचायत सचिव महेंद्र गुप्ता जनपद कार्यालय से अपने घर जा रही थीं। इसी दौरान अस्पताल के समीप मधुमक्खियों के झुंड ने उन पर हमला कर दिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गईं।

# रंग पंचमी पर 'संबोधन' का रंगारंग होली मिलन गीत-संगीत और काव्य पाठ से सजी साहित्यिक संध्या



**मनेन्द्रगढ़।** संबोधन साहित्य एवं कला विकास संस्थान द्वारा रंग पंचमी के अवसर पर गीत-संगीत और काव्य पाठ के साथ रंगारंग होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित साहित्यिक संगोष्ठी में शहर के अनेक कवियों और साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं का पाठ कर कार्यक्रम को यादगार बना दिया साथ ही अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शिक्षिका प्रियंका श्रीवास्तव का सम्मान भी किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन संस्थान के अध्यक्ष जगदीश पाठक की अध्यक्षता तथा वरिष्ठ साहित्यकार श्रवण ऊर्मालिया के विशिष्ट आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मां वीणावादिनी सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्प अर्पित कर की गई। साहित्यिक गोष्ठी में नवांकुर सदस्य एवं व्यंग्य कवि राजेश जैन ने महिलाओं के सम्मान पर आधारित अपनी रचना 'बहुत हुआ रावण का वध श्रीराम आपके हाथों से, इस बार दहन सीता कर ले रावण को अपने हाथों से' सुनाकर श्रोताओं की सराहना बटोरी। इसके बाद सी.एम. तिवारी ने 'जाति भेद को मिटाकर आओ होली त्यौहार मनाएं' के माध्यम से सामाजिक समरसता का संदेश दिया। शिक्षिका प्रियंका श्रीवास्तव ने अपनी प्रस्तुति 'राधे-राधे बोलकर मेरे श्याम, तेरी होना चाहती हूं' का पाठ कर आध्यात्मिक भावों से माहौल को सराबोर कर दिया। नारायण तिवारी ने 'स्वीकार कर लो नमन हे नमन शारदे' की प्रस्तुति दी वहीं दीक्षा सेन ने गीत 'जिंदगी के सफर में गुजर जाते हैं जो मकाम' सुनाकर कार्यक्रम में मधुरता घोल दी। इसके अलावा सतीश उपाध्याय ने 'शीतल चंदन कर रहा सूरज की भौहें' तथा विनोद तिवारी ने अपनी रचना 'चला ले तीर तू तेरे तरकश में है' का पाठ कर श्रोताओं की खूब तालियां बटोरीं। प्रतीक्षा बाजपेई ने शायरी 'एक शायर हूं, शायरी का मैं दीवाना' प्रस्तुत की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार श्रवण ऊर्मालिया ने अपनी रचना के माध्यम से जीवन की संवेदनाओं को व्यक्त करते हुए कहा कि जीवन का सफर अनेक बंदिशों से भरा होता है और कवि अपनी अनुभूतियों को शब्दों में ढालकर समाज के सामने प्रस्तुत करता है। संजय ताम्रकार ने 'कारवां बढ़ेगा संबोधन का, मैं छोटा नाविक बनकर आगे बढ़ता रहूंगा' के माध्यम से संस्था के साहित्यिक सफर को आगे बढ़ाने की बात कही वहीं नरोत्तम शर्मा ने अपना लोकप्रिय गीत 'चेहरा क्या देखते हो, दिल में उतर कर देखो ना' प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के अंत में संस्थान के अध्यक्ष जगदीश पाठक ने अपनी व्यंग्य रचना 'धन के रूप हजार, बिखरी मांगे तो भीख, अफसर मांगे तो उपहार' सुनाकर सामाजिक व्यवस्था पर कटाक्ष किया। साहित्यिक संगोष्ठी का संचालन संस्थान के पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र अरोरा ने किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ साहित्यकार श्रवण ऊर्मालिया, जगदीश पाठक, नरेंद्र अरोरा, सतीश उपाध्याय, विनोद तिवारी, नारायण तिवारी, सी.एम. तिवारी, राजेश जैन, परमेश्वर उपकार, प्रतीक्षा बाजपेई, नरोत्तम शर्मा, संजय ताम्रकार, अरविंद वैश्य सहित अनेक साहित्य प्रेमी उपस्थित रहे। अंत में संस्था की ओर से सभी अतिथियों, कवियों और उपस्थित साहित्य प्रेमियों का आभार व्यक्त किया गया।

योग साधना को मिला सम्मान

## महिला दिवस पर बलवीर कौर का अभिनंदन



**मनेन्द्रगढ़।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित विशेष योग एवं प्राणायाम सत्र में योग के क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय श्रीमती बलवीर कौर को सम्मानित किया गया। पिछले 17 वर्षों से योग साधना और उसके प्रचार-प्रसार में निरंतर योगदान देने के लिये उन्हें एमसीबी जिला योग सेवा समिति की ओर से सम्मान प्रदान किया गया। प्रात:कालीन योग सत्र में वरिष्ठ योग प्रशिक्षक सतीश उपाध्याय ने उन्हें सम्मानित करते हुए कहा कि नियमित योग अभ्यास ना केवल स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है बल्कि समाज में सकारात्मक ऊर्जा भी फैलाता है। उन्होंने बलवीर कौर की योग के प्रति समर्पित साधना और अनुशासन की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान योग सत्र का संचालन वरिष्ठ शिक्षिका नीलम दुबे और बलवीर कौर द्वारा किया गया। योगाभ्यास के बाद बौद्धिक सत्र के अंतर्गत योग साधिकाओं के बीच ध्यान और एकाग्रता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं बल्कि स्वस्थ और संतुलित जीवन जीने की एक प्रभावी पद्धति है। महिला दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम ने महिलाओं को स्वास्थ्य और आत्मबल के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण निशी, आर.डी. दीवान, भैरव प्रसाद केशरवानी, जगदंबा अग्रवाल, बबली सिंह, कविता मंगतानी, अर्चना सेजपाल, पिंकी सलूजा, पिंकी रैना, कैलाश दुबे, परमानंद सिंह सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं का सम्मान, बच्चों की प्रस्तुतियों ने जीता दिल

## समानता और निर्णय लेने का अधिकार ही महिला सशक्तिकरण- कलेक्टर





**कोरिया बैकुंठपुर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को जिला पंचायत के ऑडिटोरियम में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले की विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर जिला कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने कहा कि जिले की महिलाएं सशक्त हैं और समाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।उन्होंने बताया कि महतारी वंदन योजना के तहत मिलने वाली हर माह एक हजार रुपये की राशि से कई महिलाएं स्टेशनरी, किराना और सिलाई की दुकानें खोलकर स्वरोजगार कर रही हैं, वहीं कुछ महिलाएं इस राशि का उपयोग अपने बच्चों और पोते-पोतियों की पढ़ाई में कर रही हैं। कलेक्टर ने कहा कि बचत करने का गुण महिलाओं में बचपन से ही होता है।उन्होंने बताया कि जिले की महिलाएं कोरिया मोदक लड्डू बनाकर और पोषण संगवारी के माध्यम से गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार उपलब्ध करा रही हैं, जिससे जन्म लेने वाले शिशुओं का स्वास्थ्य बेहतर हो सके। उन्होंने कोरिया मिलेट्स का उल्लेख करते हुए कहा कि महिलाओं ने अपने परिश्रम और हुनर से स्वादिष्ट व स्वास्थ्यवर्धक व्यंजन और नाश्ते तैयार कर आत्मनिर्भरता की मिसाल पेश की है। उन्होंने कहा कि वास्तविक महिला सशक्तीकरण तब माना जाएगा जब महिलाओं को समानता के साथ निर्णय लेने का अधिकार भी मिले।

हर महिला और हर बेटी को पढ़ने, लिखने और काम करने का पूरा अधिकार है। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने महिलाओं को पर्यटन क्षेत्र में भी आगे आने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बाहर से आने वाले पर्यटकों के लिए टूरिस्ट गाइड के रूप में प्रशिक्षण लेकर रोजगार प्राप्त किया जा सकता है। साथ ही होमस्टे के माध्यम से घर के एक कमरे को पर्यटकों के लिए उपलब्ध कराकर और स्थानीय भोजन की व्यवस्था कर आर्थिक लाभ अर्जित किया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान छोटी-छोटी बच्चियों ने सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। इन बच्चों के प्रतिभा को देखकर कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने कहा सचमुच हुनर का कोई उम्र नहीं होता, ऐसे प्रतिभाओ को मंच मिले तो परिवार व समाज का नाम रोशन करते हैं। आडिटोरियम में स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न स्टॉल भी लगाए गए थे साथ ही नि:शुल्क शुगर, बीपी, हीमोग्लोबिन की जांच के लिए स्टॉल लगाए गए थे। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती स्नेहलता उदय, श्रीमती सौभाग्यवती खुसरो, श्रीमती गीता राजवाड़े, श्रीमती शिवकुमारी, नगर पंचायत पटना की अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सिंह, जनपद सदस्य श्रीमती धर्मवती राजवाड़े, जिला कार्यक्रम अधिकारी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, पोषण संगवारी तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर यूपीएससी में चयनित दर्शना सिंह का हुआ सम्मान



युवा मोर्चा के पदाधिकारियों ने घर पहुंचकर दी बधाई

**एमसीबी।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एमसीबी जिले की होनहार बेटी दर्शना सिंह को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता हासिल करने पर उनके निवास पहुंचकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई दी गई और उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

कार्यक्रम एमसीबी भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती चम्पा देवी पावले के मार्गदर्शन और भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अंकित शर्मा के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष शुभम सिंह अपने साथियों के साथ दर्शना सिंह के निवास पहुंचे और उनसे मुलाकात कर उनकी उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया।

इस अवसर पर युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने कहा कि दर्शना सिंह ने कठिन परिश्रम, लगन और दृढ़ संकल्प के बल पर यूपीएससी जैसी कठिन परीक्षा में सफलता हासिल कर पूरे एमसीबी जिले का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से ना केवल उनका परिवार बल्कि पूरा क्षेत्र गौरवान्वित महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि दर्शना सिंह की सफलता से जिले के युवाओं, विशेषकर बेटियों को आगे बढ़ने और बड़े सपने देखने की प्रेरणा मिलेगी। युवा मोर्चा पदाधिकारियों ने कहा कि आज के समय में महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं और दर्शना सिंह की सफलता नारी शक्ति का सशक्त उदाहरण है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर यह उपलब्धि जिले की बेटियों के लिये विशेष प्रेरणादायक है। कार्यकर्ताओं ने दर्शना सिंह के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे भारतीय पुलिस सेवा में रहकर ईमानदारी और समर्पण के साथ देश सेवा करेंगी तथा आने वाले समय में जिले का नाम और अधिक गौरवान्वित करेंगी। इस अवसर पर युवा मोर्चा के कई कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग भी उपस्थित रहे।

## महिलाओं की सहभागिता के साथ तमजीरा में जल महोत्सव का शुभारंभ,

**कोरिया बैकुंठपुर।** जल शक्ति मंत्रालय द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च से 22 मार्च तक देशभर में मनाए जा रहे जल महोत्सव के तहत कोरिया जिला के बैकुंठपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम तमजीरा में जल महोत्सव का शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं की सहभागिता के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सरपंच श्रीमती पुष्पा सिंह पंच श्रीमती ललिता सिंह, श्रीमती कमलादेवी, जल मित्र सुशीला साहू तथा जल बहनियां उपस्थित रहीं। इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता मनोज ठाकुर ने जानकारी दी कि जल महोत्सव 8 से 22 मार्च तक चलने वाला पखवाड़ा है। इसका मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायतों को जल आपूर्ति संपत्तियों का औपचारिक हस्तांतरण, जल गुणवत्ता परीक्षण और निगरानी को मजबूत करना तथा सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से सुरक्षित पेयजल सुनिश्चित करना है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि जल महोत्सव के माध्यम से सभी लोग सक्रिय रूप से भागीदारी निभाएं, जिससे सतत और समुदाय-आधारित जल प्रबंधन को मजबूत किया जा सके।

# जिलाधीश का फरमान बेअसर, अनेक केंद्रों में ढाई लाख क्विंटल धान को मिलर्स का इंतजार

## उठाव में शीघ्रता नहीं, हाथी प्रभावित क्षेत्रों में चिंता

**कोरबा।** खरीफ सीजन वर्ष 2025-26 में कोरबा जिले में कुल पंजीकृत किसानों से 29 लाख 72 हजार क्विंटल धान का उपार्जन किया गया। 15 नवंबर से 31 जनवरी की अवधि में इस काम को पूरा किया गया। खरीदी से ठीक पहले हाथी समस्या पर न केवल मंथन किया गया बल्कि खरीदी के साथ-साथ धान का उठाव करने के निर्देश प्रशासन ने दिए। इस बीच सुरक्षा के चक्कर में कुदमुरा उपार्जन केंद्र के प्रभारी राजेश राजपूत की हाथी हमले में मौत हो गई। हालात ये है कि जिलाधीश के निर्देश के बाद भी ढाई लाख क्विंटल धान का उठाव अनेक समितियों से नहीं हो सका है।



जिले में 49 समितियों के अंतर्गत 65 उपार्जन केंद्र बनाए गए जहां पर संबंधित गांवों के किसानों का पंजीकरण किया गया। गिरदावरी और रकबा सत्यापन के बाद कई प्रकार की अड़चनों के बीच उन्हें अपने उत्पाद को बेचने की सुविधा मिल सकी। इसके बाद चुनौतियों का सामना करते हुए किसानों को उपज का मूल्य मिल सका। दूसरी ओर असली समस्या उपार्जन केंद्रों के सामने बना हुआ है। वहां पर धान का उठाव काफी सुस्त चाल से मार्कफेड करा रहा है। राइस मिलर्स पर न तो डीएमओ के निर्देश का असर हो रहा है और न ही कलेक्टर का। अभी की स्थिति में श्यांग उपार्जन केंद्र में 12हजार क्विंटल, बरपाली में 9 हजार, चिर्रा में 3 हजार क्विंटल धान का उठाव होना बाकी है। वहीं चचिया में एक ट्रिप की मात्रा उठाव के लिए मिलर्स की प्रतीक्षा कर रही है। यही हाल हाथी प्रभावित सिरमिना और कोरबी सहित अन्य उपार्जन केंद्र भी चिंतित है कि उनके यहां धान की बची मात्रा का उठाव आखिर कब तक हो सकेगा। याद रखना होगा कि कलेक्टर ने 10 मार्च तक शत्-प्रतिशत धान का उठाव करने के निर्देश दिए थे। इसके लिए 24 घंटे का समय बचा है। ऐसे में बकाया उठाव हो सकेगा, इस पर संशय है।

### 2.48 लाख क्विंटल मात्रा जाम

खबर के अनुसार वर्तमान में कोरबा जिले की अनेक समितियों में कुल 2 लाख 48 हजार क्विंटल धान का उठाव होना बाकी है। यह मात्रा कुल खरीदी गई धान के मुकाबले 10 फीसद बताई जा रही है। दावा किया गया कि 90 फीसदी मात्रा का उठाव मिलर्स की ओर से कर दिया गया है।

## आकाश का बनाया भाजयुमो मंडल अध्यक्ष



**कोरबा।** करतला भाजपा मंडल के लिए आकाश गुप्ता को भारतीय जनता युवा मोर्चा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति मोर्चा प्रमुख वैभव शर्मा की अनुशंसा पर भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी ने की। आकाश लंबे समय से संगठन के साथ ही मातृ संगठन के लिए काम करते रहे। विभिन्न विषयों पर आयोजित कार्यशाला और सेमिनार में भागीदारी करने के साथ उन्होंने विचारधारा को नजदीकी से समझा। उनकी नियुक्ति पर कार्यकर्ताओं में उत्साह है। आकाश ने कहा कि मंडल स्तर पर बेहतर काम करते हुए संगठन को मजबूत करने का प्रयास होगा।

## यूथ हॉस्टल का महिला सम्मान 14 मार्च को

**कोरबा।** यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया की कोरबा इकाई के द्वारा विश्व महिला दिवस पर अपनी सदस्यों का सम्मान 14 मार्च को सीएसईबी सीनियर क्लब में शाम 7:00 से आयोजित किया गया है। यहां पर कई प्रकार के मनोरंजक कार्यक्रम होंगे। आयोजक ने बताया कि भागीदारी के लिए नियम और विकल्प रखे गए हैं इसके आधार पर पात्रता तय की जाएगी। अध्यक्ष ने बताया कि इस आयोजन को लेकर अंतिम रूप से 12 मार्च तक पंजीयन की प्रक्रिया होगी और इसी दिन यह काम थम जाएगा।

## कोटपा एक्ट पर सवाल, एनईपीएस क पास बिक रहा पान मसाला



**कोरबा।** सिगरेट एंड अदर्स टोबैको प्रोडक्ट्स की बिक्री निर्दिष्ट स्थान पर ही हो सकते हैं बाकी जगह पर नहीं। इसी उद्देश्य से सरकार ने कोतपा एक्ट बनाया है। इन सबके बावजूद कोरबा में एनईपीएस निजी स्कूल के नजदीक ही पान मसाला गुटखा की बिक्री हो रही है। यह सब कैसे हो रहा है, यह समझ से परे हैं।

नियम के अनुसार शैक्षणिक संस्थाओं के आसपास 200 मीटर की दूरी तक ऐसी कोई भी दुकान संचालित नहीं होना चाहिए जो पान मसाला गुटका या इस तरह की चीजों का विक्रय करती हो। इनकी खरीदारी और व्यवहार से दुष्प्रभाव पढ़ने की आशंका है इसलिए लगातार ऐसे मामलों में कोटपा एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है। पिछले महीना में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा कार्रवाई करते हुए पेनल्टी की गई जबकि कुछ प्रकरणों में संबंधितों को समझाइश देने के साथ सुधरने का मौका दिया गया। हैरान करने वाली बात यह है कि लगातार हो रही कार्रवाई के बावजूद कोरबा शहरी क्षेत्र में शैक्षणिक संस्थाओं के आसपास ही इस तरह की दुकान सरेआम चल रही है। इनका संचालन सरकारी नियम कायदों पर कई तरह से प्रश्न चिन्ह लगाता है। इस प्रकार के प्रकरणों में विद्यार्थियों के अभिभावकों ने ध्यान देने के साथ ऊपर तक बात पहुंचाने की कोशिश की है ताकि गैर जरूरी चीजों की बिक्री शैक्षणिक संस्थाओं के आसपास हतोत्साहित की जाए।

## गेवरा कालोनी की सड़कों का होगा कायाकल्प

**कोरबा।** एसईसीएल मुख्यालय में एसईकेएमसी की आईआरवार्ता आयोजित हुई। जिसमें गेवरा कालोनी के सड़कों को बनाने पर जोर दिया गया। इसके अलावा अन्य कई मुद्दों पर चर्चा हुई। खासकर रेफर कराने वाले कामगारों को कई चिकित्सों से हस्ताक्षर कराने पड़ते हैं। इस मामले को भी केन्द्रीय अध्यक्ष गोपाल नारायण व संदीप चौधरी ने उठाया। जिसमें कहा गया कि कागजात में हस्ताक्षर कराने के लिए भागदौड़ करना पड़ता है। इस मुदद् को आईआर बैठक में बगदेवा के अशोक सिंह, उपेन्द्र कुमार, एआर जीनस, गोविंद राजपूत, यादव के साथ भी उठा चुके है। कोरबा में इस मांग को उठाए जाने के बाद मुख्यालय में मांग रखा गया।

## सत्यम, सावित्री को भाजपा ने दी जिम्मेदारी




**कोरबा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा दीपका मंडल में संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से नई नियुक्तियां की गई हैं। संगठन के जुझारू और सक्रिय कार्यकर्ता सत्यम यादव को दीपका मंडल का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। सत्यम यादव की नियुक्ति भारतीय जनता पार्टी कोरबा के जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी की अनुशंसा पर भाजयुमो जिला अध्यक्ष वैभव शर्मा द्वारा की गई है। वहीं नगर पालिका परिषद दीपका के पार्षद सुजीत सिंह को भारतीय जनता युवा मोर्चा में उपाध्यक्ष एवं प्रशांत शर्मा को प्रचार प्रसार सह प्रमुख की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी क्रम में महिला मोर्चा में भी नई जिम्मेदारियां दी गई हैं। महिला मोर्चा में पूर्व पार्षद बुधवारा देवांगन को कोषाध्यक्ष तथा सावित्री तिवारी को जिला कार्यकारिणी सदस्य की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## जीवन को उद्देश्यपरक बनाने हर घर में हो रामायण : दुबे



**कोरबा।** ग्राम कसियाडीह में ग्राम वासियों द्वारा अखंड नवधा रामायण का कार्यक्रम आयोजित किया गया।जो कि 6 मार्च से प्रारंभ हुआ। जिसमें आस पास के ग्रामवासी एवं रामायण गायक बढ़ चढ़ कर भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर सनातन संघर्ष समिति के जिला संयोजक एवं भाजपा जिला मंत्री अजय कुमार दुबे ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी सनातन धर्म के संवाहक हैं। प्रत्येक ग्राम में अखंड नवधा रामायण अनिवार्य रूप से मनाया जाना चाहिए।साथ ही आपने उपस्थित समस्त मातृशक्तियो से आग्रह किया कि प्रत्येक परिवार में रामायण अनिवार्य रूप से रखें। उन्होंने कहा कि जिनके घर रामायण नहीं है वो उन्हें लाकर देंगें। इस अवसर पर अखंड नवधा रामायण समिति कसियाडीह के छोटेलाल कश्यप एवं समस्त सदस्य, ग्राम वासी एवं मातृशक्ति उपस्थित रहे। साथ ही हरदी बाजार से रामायण गायक विजय जायसवाल, राम कुमार यादव भी उपस्थित रहे।

## भारत की जीत को बड़ी एलईडी पर देखा लोगों ने

### पतंजली चिकित्सालय के संचालक ने दी सुविधा

**कोरबा।** शहर के निहारिका स्थित महानदी कॉम्प्लेक्स में पतंजलि चिकित्सालय की एलईडी स्क्रीन पर टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल मैच का लाइव प्रसारण किया गया। इस पहल के कारण बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी यहां एकत्रित हुए और सामूहिक रूप से मैच का रोमांचक मुकाबला देखा।

मैच शुरू होते ही परिसर में उत्साह का माहौल बन गया। युवाओं से लेकर बच्चों और बुजुर्गों तक सभी ने बड़े स्क्रीन पर मैच का लुत्फ उठाया। जैसे-जैसे मुकाबला रोमांचक होता गया, दर्शकों की तालियां और उत्साह भी बढ़ता गया। कई लोग अपने परिवार और दोस्तों के साथ यहां पहुंचे थे, जिससे पूरा परिसर क्रिकेट के रंग में रंगा नजर आया।

मैच के अंतिम क्षणों में जब टीम ने जीत हासिल की तो वहां मौजूद दर्शकों ने खुशी से झूमते हुए तालियां बजाईं और एक-दूसरे को बधाई दी। कुछ युवाओं ने नारे लगाए और जीत का जश्न मनाया। माहौल पूरी तरह उत्सव जैसा हो गया।

इस आयोजन की पहल पतंजलि चिकित्सालय से जुड़े डॉ. नागेंद्र शर्मा द्वारा की गई। उन्होंने बताया कि शहर के लोगों को एक साथ बैठकर मैच देखने का अवसर मिले और खेल के प्रति उत्साह बढ़े, इसी उद्देश्य से एलईडी स्क्रीन पर लाइव प्रसारण की व्यवस्था की गई थी।

डॉ. शर्मा ने कहा कि इस तरह के आयोजन लोगों को जोड़ने और आपसी भाईचारा बढ़ाने में भी मदद करते हैं।

## सीएचसी में जीवनदीप समिति की बैठक अरसे से नहीं, आर्थिक गड़बड़ी की आशंका

**कोरबा।** रोगी कल्याण समिति के स्थान पर भाजपा के पूर्व शासनकाल में बनी जीवनदीप समिति पाली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दम तोड़ रही है। इस समिति की गत एक वर्ष से न तो सामान्य सभा न ही साधारण सभा बैठकें हो रही है और न ही सालाना बजट तैयार हो रही है। मरीजों से लिये जाने वाले शुल्क राशि की भी जानकारी परामर्शदात्री समिति के सदस्यों को नही है। इससे लाखों रुपए के गड़बड़ी की आशंका व्यक्त की गई है।

अस्पताल प्रबंधन व स्वास्थ्य सेवाओं की क्वालिटी सुधारने और मरीजों को सस्ते दर पर ईलाज उपलब्ध कराने पारदर्शिता के लिए बनी जीवन दीप समिति की बैठक गत एक वर्ष से पाली सीएचसी में नहीं हुई है, जो गंभीर लापरवाही है। इससे स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, दवाइयों की उपलब्धता और रख- रखाव प्रभावित हो रहे है। जबकि यह समिति जनभागीदारी से अस्पताल के प्रबंधन को सुदृढ करने के लिए है, जिसका उद्देश्य फंड का सही उपयोग और मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करना है। बैठक न होने से अस्पताल के संचालन और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में कमी आ गई है। जानकारी के अनुसार जीवन दीप समिति को जांच शुल्क और अन्य माध्यम से राशि मिलती है, लेकिन बैठक के अभाव में कार्यों और बजट का सही उपयोग (आय- व्यय की समीक्षा) नही हो पा रही है। इसके अलावा समिति के माध्यम से डॉक्टर या नर्स की संविदा नियुक्ति में देरी सहित वार्ड में सफाई, पानी की व्यवस्था या अन्य आवश्यक उपकरण खरीदने, एंबुलेंस, रोगियों के लिए भोजन, मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट जैसे जनभागीदारी के फैसले में अभाव देखा जा रहा है।। ऐसे में पाली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बिना जीवन दीप समिति सामान्य सभा के अनुमोदन के विकास कार्य के लिए मिले धन को खर्च कर रहे है। जबकि बिना समिति बैठक अनुमोदन के आय- व्यय का आडिट भी नही कराया जा सकता। बता दें कि सीएचसी में आए धन को जीवन दीप समिति की सामान्य सभा के बैठक में अनुमोदित किया जाना जरूरी है। साथ मे समिति को यह अधिकार दिया गया है कि समिति में शामिल सदस्यों की सहमति के बाद ही अस्पताल से जुड़े कोई कार्य कराया जाए। पाली सीएचसी में गत एक वर्ष से जीवन दीप समिति की बैठक किन कारण से नही होने को लेकर स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग पाली के परामर्शदात्री समिति सदस्य एवं नगर पंचायत की पार्षद श्रीमती दीप्ति दीपक शर्मा से जानकारी लिए जाने पर उन्होंने अनभिज्ञता जाहिर करते हुए कहा कि स्थानीय सरकारी अस्पताल में कौन सा कार्य होने वाला है, इसकी जानकारी तक उन्हें नही दी जाती है। नियम: बगैर बैठक कराए कोई कार्य नही किये जाने का जीवन दीप समिति में प्रावधान है। इस बाबत बैठक के लिए प्रभारी खंड चिकित्साधिकारी को कई बार बोला गया लेकिन उनकी बात अनसुनी की गई है।

## शक्ति केंद्रों में होगी भाजपा की बैठक

**कोरबा।** भाजपा द्वारा मंडलों में कार्यशाला लगाए जाने एवं कोसाबाड़ी नगर मंडल में बूथों की संख्या बढ़ने के कारण प्रभारियों की नियुक्ति को लेकर आज पांच शक्ति केन्द्रों में बैठक होगी। कोसाबाड़ी नगर मंडल में अध्यक्ष राजेश राठौर, पुनीराम साहू, मिलापराम, तेरस दीवान आज पांच शक्ति केन्द्रों में बैठक लेकर चर्चा करेंगे। इसी तरह 14 मार्च को बालको नगर मंडल की बैठक होगी। बैठक में डीलेन्द्र यादव, जय राठौर, राजा शर्मा सहित अनेकों कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। करतला मंडल के अध्यक्ष रामकुमार गभेल व भिलाई बाजार नगर मंडल अध्यक्ष दिनेश राठौर भी मंडल में कार्यशाला लगाने की तैयारी कर रहे हैं।

*कोरबा। एसईसीएल गेवरा के केन्द्रीय कर्मशाला में एकल सदस्यता अभियान की तैयारी की जा रही है। 31 मार्च तक सूची जमा किया जाना है। इसके लिए यूनियनें प्रयास कर रही है।

## अनुज का निधन



**कोरबा।** ग्राम डुडगा कटघोरा जिला कोरबा निवासी अनुज राम डिक्सेना 58 वर्षीय (शिक्षक) का निधन हो गया है। इनके निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गया। वतर्मान समय में ग्राम लैंगा हायर सेकेंडरी स्कूल में टीचर के पद पर पदस्थ रहे। इनके पूर्व कल्चुरी पब्लिक स्कूल में लगभग 8 साल से टीचर के पद पर कार्यरत रहे। दिवंगत पिता को पुत्र दीपक ने मुखाग्नि दी।

# बजट पर चार दिन किया श्रम, नहीं मिला बोलने का मौका

### सांसद ज्योत्सना ने महिला पत्रकारों से संवाद में बताया सच

**कोरबा।** पंचवटी के नजदीक सरकारी बंगले में सांसद ज्योत्सना महंत ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर स्थानीय महिला पत्रकारों को आमंत्रित कर उनसे कई विषयों पर संवाद किया। यहां एक-दूसरे को समझने की कोशिश की गई। सांसद ने कहा कि मैं हमेशा दूसरों से सीखती हूं और लोग मुझसे सीखते हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में पहली बार इस तरह की कोशिश की गई।



चर्चा सत्र का शुभारंभ राजश्री गुप्ते ने किया। उन्होंने संबंधित प्रसंग पर अपनी बात की और फिर सवालों का क्रम शुरु हुआ। बारी-बारी से सवाल किए गए और सांसद ज्योत्सना ने उनके जवाब दिए। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि कम से कम एक दिन महिलाओं को स्वतंत्रता दी गई है। निश्चित तौर पर उनकी भूमिका सभी क्षेत्र में है और वह समर्पण के साथ अपना काम कर रही है। यह कहना गलत नहीं होगा कि महिलाओं को आगे बढ़ाने में कई प्रकार की बाधाएं हैं और इसके पीछे यही एक कारण है कि समाज अभी भी पुरुष प्रधान है। महिलाओं को वे मौके नहीं मिल पा रहे हैं जिसकी वह हकदार है। सांसद ने बताया कि पंचायत से लेकर विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं को नेतृत्व तो दिया गया है लेकिन कई बार ऐसा देखने में आता है कि उनके अधिकारों को कहीं ना कहीं दबाया जा रहा है। इस तरह की स्थिति बदलनी चाहिए। सांसद ज्योत्सना ने कहा कि आवश्यकता इस बात की है कि शिक्षा पूरी करें और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना के साथ इस क्षेत्र में प्रवेश करें। सभी प्रकार के दबाव से मुक्त होने की भावना और महिलाओं के लिए बेहतर कुछ करने की इच्छा शक्ति होना सबसे जरूरी है। मध्यप्रदेश के विंध्य क्षेत्र में जन्मी सांसद ने बताया कि फ्रीडम फाइटर के परिवार में हम लोगों का जन्म हुआ। मिलिट्री के लोग भी परिवार में थी इसलिए स्वाभाविक रूप से अनुशासन की सीख मिली। हमने जाना की कोई छोटा बड़ा नहीं होता है। प्रथम बार सांसद निर्वाचित होने पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मिलना हुआ। वह भी मैंने बताया था कि सीधे रसोई घर से संसद का सफर पूरा हुआ है। उन्होंने बताया कि कक्षा प्रथम से एमएससी तक उन्होंने छोटे-बड़े कई काम किया और इसके लिए परिजनों से काफी सराहना मिली। बाद में हमें पता चला कि हमने जाने अनजाने में बहुत बड़ा काम कर दिया है। संसद की गतिविधियों को लेकर किए गए एक सवाल के जवाब में सांसद ज्योत्सना महंत ने बताया कि जो चीज टेलीविजन पर दिखाया जाता है वह एक हिस्सा होता है बहुत सारी चीज लोगों तक नहीं पहुंच पाती। उन्होंने बजट सत्र पर चर्चा को लेकर बताया कि विपक्ष की तरफ से उनका नाम फाइनल हो गया था और उन्होंने चार दिन मेहनत कर लेख लिखा लेकिन बाद में बोलने का मौका नहीं मिला। इसकी बहुत ज्यादा टीस मन में है। लोकतंत्र में जिस तरह की तस्वीर अभी बनी हुई है वह अजीब है और विपक्ष के लोगों को इसका मलाल है। गृहस्थ जीवन के साथ राजनीति के क्षेत्र में सफलता को लेकर समन्वय से जुड़े प्रश्न के बारे में उन्होंने कहा कि संकल्प से सिद्धि संभव है। अपने चार बच्चों का उदाहरण देते हुए उन्होंने अपनी बात को स्पष्ट किया और बताया कि हमने उन्हें अपने निर्णय के लिए स्वतंत्र कर दिया। महिलाएं अगर चाहे तो कोई भी काम असंभव नहीं। इस मौके पर निर्मला राठौर, आशा सिंह, प्रतिमा सरकार, सिमरन कौर, रजनी चौहान, भगवती भंडारी, लालिमा शुक्ला, रेणु जायसवाल, कृतिका सिंह, आशा कुमारी, वर्षा सिंह व अन्य उपस्थित थीं। अंत में सभी को आकर्षक गिफ्ट प्रदान किए गए। इस मौके पर प्रेस क्लब अध्यक्ष राजेंद्र जायसवाल की उपस्थिति रही।












स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com